

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात, द्विपक्षीय ......०1 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | केजरीवाल के मिट्टी में मिल गये सभी सुहाने सपने.......०4

वर्ष: ०2 अंक: 2०8 | बदायूं, गुरूवार 13 फरवरी 2०25 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


### पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात

## संबंधों की मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के समाधान को हुई बात



**दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर बात की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जनवरी 2०24 में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की राजकीय यात्रा की थी। इससे पहले जुलाई 2०23 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान 2०47 रोडमैप पर चर्चा हुई। यह रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैस्टिल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में होगा। उन्होंने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की और इसे तेज करने की प्रतिबद्धता जताई।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। यूएनएससी मामलों सहित बहुपक्षीय मंचों में समन्वय पर सहमति व्यक्त की। फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने सामूहिक अत्याचारों के मामले में वीटो के उपयोग के विनियमन पर बातचीत को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय विकास पर व्यापक चर्चा की। साथ ही बहुपक्षीय पहलों और संस्थानों के माध्यम से अपने वैश्विक और क्षेत्रीय जुड़ाव को तेज करने पर सहमति व्यक्त जताई। दोनों नेताओं ने वैज्ञानिक ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के महत्व को स्वीकार किया। दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे और स्थायी जुड़ाव को याद करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2०26 से नई दिल्ली में होने वाले भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का लोगो लॉन्च करके भव्य उद्घाटन की घोषणा की। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बात की। इसमें पश्चिम एशिया और यूक्रेन में युद्ध भी शामिल है। वे नियमित आधार पर समन्वय और निकटता से जुड़े रहने के अपने प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए। पीएम मोदी और मैक्रों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की।

### मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा-

## क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे?



**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 75० से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फअमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी। जस्टिस गवई ने कहा कि श्कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन क्या बेघर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। क्या हम इस तरह से परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा। इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी।

### एक नजर

## जामा मस्जिद की सुनवाई अब 19 फरवरी को



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** फास्ट ट्रैक कोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन अमित कुमार की अदालत में मंगलवार को नीलकंठ महाराज बनाम जमा मस्जिद मामले में प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होनी थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मद्देनजर रखते हुए स्थानीय अदालत ने सुनवाई की तारीख 19 फरवरी तय की है। जामा मस्जिद की ओर से एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया हुआ है कि उक्त मुकदमा चलने योग्य नहीं है, खारिज कर दिया जाए। अब इसी पर सुनवाई होनी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सभी निचली अदालतों में मामले की सुनवाई पर रोक लग गई है।

## अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री... रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होगी कानूनी रूप से मान्य



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** संपत्ति की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए स्टाम्प शुल्क बेहद कम रखा जाएगा। एक वर्ष से ज्यादा के रेंट एग्रीमेंट पर न्यूनतम स्टाम्प शुल्क 5०० रुपये से अधिकतम 2० हजार रुपये तक होगा।

इसी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। इससे जुड़ा प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में पेश किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि इससे मकान मालिक और किरायेदारी से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी। वर्तमान में किराये और अवधि के हिसाब से स्टाम्प शुल्क तय होता है।

किरायेनामे को पंजीकृत कराने से मकान मालिक और किरायेदार दोनों का हित सुरक्षित रहेगा। पंजीकरण कराने के बाद एग्रीमेंट में लिखी शर्तों की ही कानूनी मान्यता होगी। दरअसल, अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने के कारण बहुत कम लोग इसे कराते हैं। ज्यादातर लोग 1०० रुपये के स्टाम्प पर किराया समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई कानूनी दावा नहीं होता है।

स्टाम्प व पंजीयन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में एक साल में महज 86 हजार रेंट एग्रीमेंट हुए हैं, जबकि घर से लेकर दुकान और आफिस किराये पर देने वालों की संख्या लाखों में होगी।

स्टाम्प शुल्क के नियम सरल और कम करने के प्रस्ताव के साथ ही एक वर्ष तक के एग्रीमेंट वालों के लिए अलग से पोर्टल बनेगा। पोर्टल पर एक तय फार्मेट होगा, जिसे डाउनलोड कर प्रिंट निकाला जा सकेगा। इस फार्मेट को स्टाम्प पर चिपकाने से इसे कानूनी रूप मिल जाएगा। रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री न कराने पर मुकदमा भी नहीं लड़ पाएंगे। अपने अधिकार सिद्ध नहीं कर पाएंगे। एग्रीमेंट पर लिखी गई शर्तें ही मान्य होंगी। उन्हीं पर दावा चलेगा। संपत्ति में महिलाओं का अधिकार बढ़ाने के लिए राज्य सरकार बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर रही है।

## सीएम योगी बोले- जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे अब कर रहे स्नान

**बागपत।** छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे। महाकुंभ में कल तक 5० करोड़ लोग डुबकी लगा लगेंगे।

### हमारे रक्षा उपकरण पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केन्द्र बने

## एयरो इंडिया 2०25 पर बोले राजनाथ सिंह



**दिल्ली।** एयरो इंडिया 2०25 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं।

एयरो इंडिया 2०25 के समापन समारोह पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, एयरो इंडिया ने ऐसी ऊंचाइयों को छुआ है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन दिनों से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद था और अगर मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना है तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा। उन्होंने कहा कि, यहां हम जो कुछ भी देख पाए, वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनिया भर से आए लोगों में देखी जा सकती है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और इनोवेटर्स में जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 7० प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, यदि हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं।

## आचार्य सत्येंद्र दास के निधन से अयोध्या के संत धर्माचार्य शोकाकुल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अयोध्या।** श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास जी महाराज का साकेतवास हो गया। आज माघ पूर्णिमा के पवित्र दिन बुधवार प्रात: सात बजे के लगभग उन्होंने पीजीआई लखनऊ में अंतिम सांस ली। वे वर्ष 1992 से रामलला की सेवा पूजा कर रहे थे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सहित अयोध्या धाम के संत धर्माचार्यों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया और कहा कि पुजारी जी ने लगभग 32 वर्ष के सेवाकाल में अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था में मंदिर के अर्चक होने के कारण सहयोगी बने रहे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने सत्येंद्र दास के निधन पर कहा कि यह नश्वर संसार है। सभी को एक दिन मुक्त होना है। धार्मिक जीवन मूल्यों के प्रति संवेदनशील सदपुरूष की मृत्यु नहीं होती। उनकी ओर से किए गए सद्कार्य उन्हें चिरकाल तक समाज के मस्तिष्क पर जीवंत रखते हैं। सत्येन्द्र दास जी ने संत परम्परा का सदैव ध्यान रखा। 1992 में श्रीराम लला के अर्चक का दायित्व ग्रहण कर अपनी निष्ठा समर्पित की। उनका साकेत गमन हम सभी के लिए पीड़ादाई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास ने कहा सत्येन्द्र दास जी हमारे पड़ोसी रहे। मंदिर की पूजन व्यवस्था के प्रति वह अपने कार्यकाल में सदैव संवेदनशील रहे। इन 3०-31 वर्षों में वह हिंदू मुस्लिम समन्वय की चर्चा के केंद्र बिंदु बनते रहे। आज वह साकेतवासी हो गए, जिसके कारण अपार दुख हुआ है। श्रीराम लला उन्हे अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा कि आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन से धार्मिक जगत को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। 199० के पूर्व वह मंदिर आंदोलन में सहयोगी रहे। 1992 में प्रशासन की ओर से मंदिर के मुख्य पुजारी नियुक्त होने के पश्चात वह मंदिर व्यवस्था के अंग बनकर सेवारत हो गए। उनके निधन से अपार दुख पहुंचा है। श्रीरामलला उन्हें सदगति प्रदान करें।

## बसपा सुप्रीमों का बड़ा एक्शन दो नेताओं को निकाला

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक सिद्धार्थ के पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने कहा कि बसपा की ओर से खासकर दक्षिणी राज्यों के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ पूर्व सांसद व नितिन सिंह जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। मायावती के इस निर्णय को दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी नेताओं को सख्त संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा ने जहां पर भी प्रत्याशी खड़े किये थे वहां पर जमानत जब्त हो गई। डॉ. अशोक सिद्धार्थ मायावती के काफी नजदीकी माने जाते थे।




# महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया विद्यालय का निरीक्षण




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** अध्यक्ष राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सैंया का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में पाकशाला,भोजन गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पठन पाठन की व्यवस्थाएं देखी तथा संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए।

अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की जानकारी तलब की जिसमें बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक कक्षाएं संचालित हैं, कक्षा-6 में 42,कक्षा-7 में 26 तथा कक्षा-8 में 22 कुल 90 छात्राएं नामांकित हैं, अध्यक्ष द्वारा उपस्थित तथा अनुपस्थित छात्राओं की जानकारी करने पर बताया गया कि 63 छात्राएं उपस्थिति हैं। अध्यक्ष ने कल सर्किट हाउस जनसुनवाई में मिली शिकायत तथा पूर्व वार्डन पर छात्राओं द्वारा अच्छा व्यवहार न करने के वीडियो का संज्ञान लेकर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं तथा उनके अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत बातचीत कर जानकारी ली।

अध्यक्ष द्वारा संपूर्ण प्रकरण की जानकारी लेने के पश्चात विद्यालय की वार्डन, पूर्व वार्डन तथा अध्यापिकाओं के पक्ष की सुनवाई कर जवाब तलब किया। आपसी गुटबाजी, अनुशासनहीनता पर सभी को कड़ी फटकार लगाई तथा अंतिम मौका देते हुए विद्यालय में भविष्य में ऐसे प्रकरण न हों सुनिश्चित करने पुनः शिकायत प्राप्त होने पर सभी का अन्य स्थान पर तबादला करने या संविदा समाप्त करने की कठोर कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के अच्छे भविष्य तथा शिक्षा हेतु प्रयास कर रही है विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा भी उच्च गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन पर ध्यान देना चाहिए। मा. अध्यक्ष महोदया ने आवासीय विद्यालय की सभी छात्राओं से मुलाकात व बातचीत कर उन्हें मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करने, आगे बढ़ने तथा अपने अभिभावकों के साथ अपने जनपद तथा प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा विद्यालय में किसी भी समस्या हेतु उनसे व्यक्तिगत संपर्क करने की बात कही।

अध्यक्ष महोदया ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा बालिकाओं को दिए जा रहे भोजन के मेन्यू की जानकारी ली तथा रसोईघर में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा संतुष्टि जताई। अध्यक्ष ने सभी कक्षाओं का भ्रमण कर पठन पाठन की व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण के समय नगर शिक्षा अधिकारी व प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सैंया दीपक कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुलदीप तिवारी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## पांच लाख वृक्षारोपण का बनाया है लक्ष्य

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा शक्ति ऑफफॉरेस्ट अभियान के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख पौधे रोपने के लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को आयोजित हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ पौधे लगने का आंकड़ा 16,300 पर पहुंच गया है। अभियान के विषय में जानकारी देते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन के निदेशक दीपक अग्रवाल ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से जगह चिन्हित की जाती हैं। जिसके तहत नगर निगम, नगरपालिका, वन विभाग, उद्यान विभाग, स्कूलों और निजी कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है।

# फिरोजाबाद स्थापना के 36 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन सभागार कक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिला जज श्री हरवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रौहन वैश्य, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी प्रेमचन्द राम, विकास भवन के नाजिर कासिम अली सहित समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर बोलते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारा विकास भवन सबसे निचले खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने हेतु कृत संकल्पित है हमारा प्रयास है कि महिलाओं, बच्चों और किसानो के लिये जो भी योजनाएं संचालित हैं उसका लाभ उनको अवश्य मिले, साथ ही उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे सभी अधिकारी, कर्मचारी सच्चे मन से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुँचाएंगे। इस अवसर पर बोलते हुये जिला जज श्री हरवीर सिंह ने कहा कि सच्चे मन से समर्पित होकर आप सब अपना कार्य करें, कोई कर्मचारी बड़ा या छोटा नहीं है, सभी को मिले हुये दायित्व महत्वपूर्ण हैं, उन दायित्वों का पालन करना आप सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के कर्तव्य पालन और सामर्थ्य से ही मजबूत राष्ट्र की नींव पड़ती है। वास्तव में मानव की सेवा भगवान की सेवा से भी बढकर है, हम सबको मिलकर राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान करना चाहिये क्योंकि अकेला व्यक्ति कुछ भी नहीं कर सकता, सामूहिकता ही सफलता की सीढ़ी है, उन्हीं व्यक्तियों को लोग याद रखते हैं जिन्होंने समाज और राष्ट्र के लिये कुछ किया है।

उन्होंने कहा कि सबके साथ मधुर व्यवहार करते हुये अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे जनपद के हर नागरिक की समस्या दूर हो सके और जनपद के साथ-साथ देश और प्रदेश भी आपके योगदान से नित्य नई ऊँचाईयों को छुये। यही हमार प्रयास होना चाहिये अगर कहीं पर मनुष्य के रूप में आपसे गलती हो जाती है तो उसको भूलकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें।

# पीस कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद द्वारा आगामी शब-ए-बारात त्यौहार के मद्देनजर थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी, शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें आगामी शब-ए-बारात त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। मीटिंग के दौरान संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं त्यौहार के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को जानकर उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चों एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार सतत निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना ध् चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्द है।

## युवती ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र होली चौक में एक युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या करली। परिजनों के अनुसार युवती डिप्रेशन की बजह से परेशान थी और आये दिन भाई बहनों से लड़ती झगड़ती रहती है। मंगलवार की रात्रि को उसने अपने घर कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्म हत्या करली। क्वार्सी पंत बिहार होली चौक निवासी 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या करली। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नन्दकिशोर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनकी मेरी भांजी डिप्रेशन में रहती थी और थोड़ा मेंटल टाइप की हरकतें करने लगी थी। इस तरह की हरकतें वो करीब डेढ़ महीने से कर रही थी।

# अवैध कटान को रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जनपद के थाना नसीरपुर क्षेत्र के जंगलों में लकड़ी काटे जाने की सूचना मिलते ही पेड़ों के अवैध कटान को रोकने के लिए मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम पर योजनाबद्ध तरीके से माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया और दो राइफलें व मोबाइल फोन लूटकर ले गए। हमले में वन विभाग टीम के कई लोग घायल हो गए।जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया।

पुलिस ने संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए अभी तक 6 लोगों को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना नसीरपुर क्षेत्र के ?गांव हरिया में ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से हरे पेड़ों का कटान किए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग के जांबाज दरोगा प्रताप सिंह परमार सहित दस लोगों की टीम मौके पर पहुंच गई और अवैध कटान को रोकने का प्रयास किया। लेकिनए माफियाओं ने एक राय होकर वन विभाग की टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें, वन दरोगा प्रताप सिंह परमार कैटल गार्ड जगवीर सिह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। शिकोहाबाद वन क्षेत्राधिकार श्याम सिंह ने बताया किए हरे भरे वृक्षों के अवैध रूप से किए जा रहे कटान को रोकने के लिए वन रक्षक विजय सिंह, प्रताप सिंह परमार कैटल गार्ड जगवीर नीटू, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह सहित वन विभाग की टीम जब गांव हरिया पहुंची तो मौके पर 20 ट्रैक्टर ट्रॉली और कई ऊंट लकड़ियों से लदे देखे गए। जो टीम को देखकर भाग गए। कुछ देर बाद ही बड़ी संख्या में माफिआओं ने एकत्रित होकर योजनाबद्ध तरीके से वन विभाग की टीम पर लाठी डंडों कुल्हाड़ी आदि से हमला बोल दिया।

जिसमें दरोगा प्रताप सिंह परमार और कैटल गार्ड जगवीर सिह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके दो सरकारी राइफलें और दो मोबाइल भी लूट लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने संबंधित मामले में जानकारी देते हुए बताया किए सभी घायलों को पुलिस ने शिकोहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। जहां से गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव के 6 लोगों को भी हिरासत में ले लिया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स विभागो की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुयी।

बैठक में महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि केन्द्र व राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप बच्चो और गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों के पोषण स्तर में सुधार लाने के साथ ही परस्पर निगरानी की जाये और समय से पुष्टाहार का वितरण व स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या करायी जाये तथा महिलाओ, बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए जागरूक करें। कुपोषित, मैम एवं सैम बच्चों का चिन्हाकन करके नियमित सुविधा उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही ई-कवच पोर्टल में फीड भी कराया जाय ताकि उन बच्चों की परस्पर निगरानी किया जा सके।

चिन्हित सैम एवं मैम बच्चों को पर रैफर करें एवं उन्हें तत्काल एन०आर०सी० में भर्ती करायें। एन०आर०सी० में भर्ती न हो पाने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर सीडीपीओ एवं एमओआईसी संयुक्त रूप से निगरानी करेंगे तथा सी०एच०सी० स्तर से आवश्यक दवाईयां एवं सहयोग प्रदान करेंगे। वीएचएनडी दिवस की निगरानी करें, एवं आंगनवाडी कार्यकत्री व आशा आपस मे समन्वय बनाकर महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करके लाभन्वित करें और बेहतर स्वास्थ्य सेवायें दें। विभागीय दिशा-निर्देशानुसार आपूर्तित अनुपूरक पुष्टाहार का शासन की मंशा अनुरूप पात्र लाभार्थियों में वितरण कराया जाये।

उन्होंने निर्माणधीन आं०बा० केन्द्रों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश प्रदान किये। बैठक में पोषण से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी एवं पिछली बैठक कार्यवाही की पुष्टि की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी अरुण श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, सहायक पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) उपस्थित रहे।

## संगीत सम्राट पद्मश्री रविंद्र जैन को किया याद

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** रामायण सीरियल से लेकर अनेकों फिल्मों में अपने कालजई संगीत और सुर से विख्यात संगीत सम्राट रहे पद्मश्री रविंद्र जैन की स्मृति आज भी हम लोगों के बीच जीवित है। जो मन की आंखों से देखकर देश दुनियां को प्रत्यक्ष संगीत से जोड़ते थे। अलीगढ़ महोत्सव में बुधवार को कृष्णांजलि में आयोजित छठवें सप्तरंग कार्यक्रम में महापौर प्रशांत सिंघल ने व्यक्त किए। सप्तरंग कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, क्लब के संरक्षक जॉनी फॉस्टर, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, डॉ राकेश सक्सेना आदि ने किया जबकि पद्मश्री रविंद्र जैन अवार्डों से प्रतिभाओं को महापौर प्रशांत सिंघल ने अन्य अतिथियों संग सम्मानित किया।

# चोरी की पेटियों समेत 6 शातिर दबोचे



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** कोतवाली अतरौली क्षेत्र स्थित अहमदपुरा स्थित बीयर फैक्ट्री के गोदाम से दो सुरक्षा गार्डो को बंधक बनाकर चाकू की नौंक पर बीयर की पेटी चोरी की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को नकदी और चोरी की बीयर पेटी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

बुधवार कोएसपी ग्रामीण अमृत जैन कोतवाली अतरौली में प्रेसवार्ता में बताया कि 4 जनवरी को रामघाट रोड स्थित अहमदपुरा सिथत बीयर गोदाम से अज्ञात आधा दर्जन चोर दो सुरक्षा गार्डो को चाकू दिखाकर धमकाया और उन्हे बंधी बना लिया और 90 बीयर पेटी चुराकर ले गये। जिसका संज्ञान लेते हुए, इंटेलीजेंस टीम ने अतरौली पुलिस के सहयोग इस घटना का खुलासा करते हुए 12 नरेना पेठ मैदान से अभियुक्त जयप्रकाश लोधी पुत्र नत्थू सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, जयप्रकाश पुत्र गंगा प्रसाद उर्फ मट्ठू सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, राकेश उर्फ कालू पुत्र बहादुर सिंह निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, मनोज पुत्र गजराज निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, मुनेन्द्र पुत्र गेंदालाल निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ और राहुल पुत्र सूरजपाल निवासी अहमदपुरा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये अभियुक्त से लूटी 27 पेटी किंग फिशर स्ट्राँग माल्ट बीयर कुल (648 अदद बीयर कैन) व 30,000 रूपये नगद, 3 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त इलैक्ट्रिक थ्रीव्हीलर भी बरामद किया है।

# इंटरनेट विषय पर हुई कार्यशाला



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी आईएएस रमेश रंजन के निर्देशन में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित द्वारा इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोगष् विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना एवं उन्हेंए साइबर फ्राड से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा किए जानकारी के अभाव में ज्यादातर लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। जिसके कारण उन्हें कभी-कभी भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है और उनका व्यक्तिगत डाटा भी चोरी हो जाता है। उन्होंने बताया किए इंटरनेट का प्रयोग करते समय किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें। हो सकता है किए वह साइबर अपराधियों से संबंधित हो। डिजिटल अरेस्टिंग जैसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है।

## पानी को लेकर चले लात-घूंसे

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ महोत्सव के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं में नुमाइश मैदान पर रस्साकशी प्रतियोगिता चल रही थी। अपरान्ह करीब 3.15 बजे मैच के दौरान पानी के पाउच को लेकर छात्राएं आपस में भिड़ गयीं। एक छात्रा ने पानी का पाउच ले लिया। दूसरी छात्राओं ने उससे पाउच मांगा, लेकिन उसे मना कर दिया। इस पर उसने पाउच न देने वाली छात्रा को गाली दे दी। गाली सुनते ही साथ की छात्राएं भड़क गईं। इसके बाद दोनों कॉलेज की छात्राएं आमने-सामने आ गईं और जमकर उनमें लात-घूंसे चले। आयोजकों ने बीच-बचाव कराया। लात-घूंसा चलाने वालीं छात्राएं टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज और चिरंजीलाल इंटर कॉलेज की बताई जा रही हैं।

# भारत के पास निर्यात बढ़ाने का अवसर: मेनन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, विकास कार्यालय, आगरा द्वारा बुधवार को होटल ओपल कोर्टयार्ड, एनएच-19 पर राष्ट्रीय संगोष्ठी निर्यात प्रोत्साहन का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुक्त, चेयरमैन एवं सीईओ, नोएडा स्पेशल इकनॉमिक जोन, आईटीएस ए. बिपिन मेनन एमएसएमई-डीएफओ आगरा के संयुक्त निदेशक डॉ. आरके भारती, आईईडीएस, सहायक निदेशक, ग्रेड-1 आईईडीएस, अभिषेक सिंह, नैपाल सिंह, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, फैक्ट्री ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर खन्ना, हेंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अस्थाना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन संयुक्त निदेशक डॉ. आरके भारती ने करते हुए एमएसएमई विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उससे पूर्व स्वागत उद्बोधन सहायक निदेशक सुशील यादव ने दिया। उसके बाद संगोष्ठी में निर्यात संवर्धन के माध्यम से नई सीमाओं का अन्वेषण, श्निर्यात संवर्धन के लिए योजनाओं पर चर्चा, निर्यात के लिए लॉजिस्टिक समर्थन और श्तकनीकी सत्रश् सहित चार सत्र आयोजित हुए, जिनमें विषय विशेषज्ञ के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय जीजेईपीसी नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक संजीव भाटिया, सिडबी के शाखा प्रबंधक आकाश सोनी, ईसीजीसी के प्रबंधक ऋ्रोश कुमार, डाकघर निर्यात केंद्र के आईपीओएस अभिषेक श्रीवास्तव, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया के सहायक अधिकारी राजीव कुमार चतुर्वेदी, फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव और कोलंबस इंटीग्रेशन के अभिषेक अस्थाना ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से निर्यात से जुड़ी बारीकियों को समझाया।

वहीं इस मौके पर एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि विश्व की 800 करोड़ की आवादी के लिए हमें प्रोडक्शन फैक्ट्री बनने के लिए हमें सरकार के साथ सामूहिक प्रयास करने होंगे भारत की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई सेक्टर का बड़ा योगदान है हवाई जहाज के इंजन तक के पुर्जे एमएसएमई बना रहा है। साथ ही इस मौके उन्होंने पर मुख्य अतिथि के समक्ष आगरा में नोएडा स्पेशल इकनोमिक जोन की तर्ज पर आगरा में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया।

# जिलेभर में अलग-अलग सड़क हादसों में श्रद्धालु समेत दो की मौत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के कछला और मुजरिया रोड पर सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि श्रद्धालुओं समेत 18 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में रामप्रकाश बरेली जिले के तो मोहम्मद सलमान सहसवान क्षेत्र के निवासी थे। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार कराया। गंभीर रूप से घायल महिला और बच्चों समेत आठ लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



पहला हादसा बरेली-मथुरा हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में बुटला गांव के पास बुधवार करीब चार बजे हुआ। बरेली जिले के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव भूडा नगरिया श्रद्धालु गंगा स्नान को के लिए टेंपो से कछला को गए थे। लौटते में बुटला के पास अज्ञात कार की चपेट में आने से श्रद्धालुओं का टेंपो सड़क पर पलट गया। टेंपो सवार भूड़ा निवासी रामप्रकाश (35) पुत्र तुलाराम की मौके पर ही मौत हो गई।

चालक पुरुषोत्तम (25) पुत्र रामेश्वर, श्वेता (16) पुत्री हेतराम समेत तीन श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना के मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने रामप्रकाश का शव कब्जे में लेने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया। टेंपो चालक के पिता रामेश्वर की ओर से अज्ञात कार चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है।

दिल्ली रोड पर मुजरिया थाना क्षेत्र में गांव बसावनपुर के पास बुधवार सुबह सहसवान और मुजरिया से सवारियों को बैठाकर चले टेंपो का चालक इकरार (25) अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। टेंपो सड़क के डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। हादसे में करीब 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर बाद अस्पताल पहुंचे आकिल ने शव की शिनाख्त सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी मोहम्मद सलमान (25) पुत्र अब्दुल मजीद के रूप में की। चालक समेत बिल्सी क्षेत्र के गांव बीबीगंज निवासी कल्लू (45) पुत्र ज्ञानचंद्र, उझानी में श्रीनारायणगंज मोहल्ला निवासी शिवानी (20) पुत्री रामबाबू घायल हो गई।

छतुइया के पास बुधवार सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बाइक सामने से ई- रिक्शा से भिड़ गई। इसके बाद ई- रिक्शा पलट गया। बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लापुर भोगी निवासी राकेश (20), ई- रिक्शा सवार श्रद्धालुओं में बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव शहजादनगर खेड़ा निवासी प्रभा देवी (30) पत्नी रघुवीर, उनकी 14 वर्षीय बेटी पलक, खुशबू (8) पुत्री वीरेंद्र, उजाला देवी (18) पुत्री नरेश, उनकी छोटी बहन क्रांति (13), कृष्णा (14) पुत्री पप्पू और रागिनी (15) पुत्री वीरपाल लहूलुहान हो गई। हादसे के बाद चालक कार बदायूं की ओर भगा ले गया।

# जिला सहकारी बैंक संघ उ०प्र० के महासचिव बने जेके सक्सेना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** समस्त सभापति जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश की एक बैठक दिनांक 12 फरवरी 2025 को प्रात: 11रू30 बजे स्थान अवध जिमखाना क्लब लखनऊ में जितेन्द्र बहादुर सिंह सभापति उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में प्रदेश के समस्त जिला सहकारी बैंकों के सभापतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला सहकारी बैंक लखनऊ के सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आए सभी सभापति गण का पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक संघ के अध्यक्ष पद हेतु वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ के नाम पर निरंजन धनगर सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मथुरा ने नाम का प्रस्ताव किया, जिसका अनुमोदन एसडी सिंह परिहार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड कानपुर एवं डी पी एस राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर सहित उपस्थित सभी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने ताली बजाकर ध्वनिमत से पारित किया गया। इस प्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ को उत्तर प्रदेश के जिला सहकारी बैंक संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया और जेके सक्सेना प्रदेश महासचिव चुना गया। नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव जेके सक्सेना ने कहा उत्तर प्रदेश में सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करूंगा।




**सम्मन बिनाबर इनफिलास मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार साहब बदायूं।

नम्बर मुकदमा 4/27 जिला बदायूं

**सुखपाल बनाम शर्बती आदि**

1- सुखपाल......... वादी

**बनाम**

1- शर्बती पत्नी ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम वरामालदेव परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं.........प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 34 एल.आर. एक्ट के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 17.02.2025 को ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो हालात मुकदमा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 10.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार साहब बदायूं।



**सम्मन बिनाबर इनफिलास मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बदायूं।

नम्बर मुकदमा T202012070119943 जिला बदायूं

**नाजिमउद्दीन बनाम अली नबालिग आदि**

1- नाजिमउद्दीन......... वादी

**बनाम**

1- अली नबालिग पुत्र निजामउद्दीन उर्फ निजामुद्दीन द्वारा संरक्षिका अन्जुम आरा माता सगी 2- अन्जुम आरा पत्नी निजामउद्दीन निवासीगण ग्राम आरिपुर नवादा परगना व तहसील व जिला बदायूं 3- अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बदायूं वास्ते महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश 4- अमित कुमार पुत्र रमेश चन्द्र 5- मोनिका गुप्ता पत्नी नवीन कुमार 6- रितु गुप्ता पत्नी अमित कुमार 7 कुसुम कुमारी पत्नी रमेश चन्द्र निवासीगण काली सड़क मोहल्ला चौधरी शहर व जिला बदायूं 8- गांव सभा/ग्राम पंचायत आरिफपुर नवादा परगना व तहसील व जिला बदायूं द्वारा निर्वाचित प्रधान निवासी ग्राम आरिफपुर नवादा परगना व तहसील व जिला बदायूं......प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 116 उ.प्र.रा.स.के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 14.02.2025 को ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो हालात मुकदमा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 11.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बदायूं।



**सम्मन बिनाबर इनफिलास मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बदायूं।

नम्बर मुकदमा T202012070117036 जिला बदायूं

**गौरा देवी बनाम लडैते आदि**

1- गौरा देवी......... वादी

**बनाम**

1- निहालउद्दीन 2- कमरूद्दीन पुत्रगण जमालउद्दीन 3- निसारउद्दीन 4- तारूद्दीन 5- नूरूद्दीन 6- नन्हे अली 7- जफरूद्दीन पुत्रगण अलीमुद्दीन 8- नसीरन पत्नी अलीमुद्दीन समस्त निवासीगण ग्राम ककोड़ा पोस्ट खास परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं, 9- ग्रामसभा/ग्राम पंचायत ककोड़ा परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं द्वारा प्रधान निवासी ग्राम ककोड़ा परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं........प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 116 उ.प्र.रा.स.के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 19.02.2025 को ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो हालात मुकदमा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 11.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बदायूं।


# साथ खाने और सोने से नही फैलता कुष्ठ: विमल

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** राष्ट्रीय कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान सामु.स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज के अन्तर्गत गांधी जी की पुण्य तिथि पर ग्राम रामदाढीं में समस्त ग्राम वासियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया पीएमडब्लू विमल वार्ष्णेय ने बताया कि कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए भेदभाव, कलंक को समाप्त करना आवश्यक है और बताया कि इस रोग को पहचानना वहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियो को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें कुष्ठ रोग के लक्षण जैसे हाथ पैर में सुन्पन होना, हाथ पैर में झनझनाट, पसीना न आना, पैर के तलवो पर सुन्पन, खुजली का न होना आदि लक्षण से पहचाना जा सकता हैं कुष्ठ रोगियो से भेदभाव भेदभाव न कर उन्हे भारत से कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें ।कुष्ठ रोग छुआ-छूत वीमारी नहीं है यह हाथ मिलाने से, सोने, खाने से नहीं फैलता हैं इसका इलाज सभी सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क हैं।



## नारी सशक्तिकरण दिवस आयोजित

**बदायूं।** ग्राम नरऊ बुजुर्ग में चल रहे राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन नारी सशक्तिकरण दिवस मनाया गया।

# भाजपा विधायक ने अस्थल मढ़ी पर चढ़ाया घंटा

**अलापुर।** नगर के अस्थल मढ़ी पर बने प्राचीन मंदिर पर मंगलवार को भाजपा नेताओं के साथ क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह (बब्बू भईया) ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर बहुत बड़ा घंटा चढ़ाया, जिसके बाद विधायक राजीव कुमार सिंह ने पंडाल मे मौजूद उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए क्षेत्र में अपने द्वारा कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और साथ ही आगामी मिशन 2027 के लिए अभी से चुनाव का बिगुल भी बजा दिया। दातागंज विधायक ने कहा यह कार्यक्रम मेरी दुबारा जीत हासिल होने की खुशी में इसी नगर के समाजसेवी भाजपा जिला महामंत्री शरदकांत उर्फ शीकू भईया ने कराया है, उन्होंने मन्नत मांगी थी यदि हम दुबारा जीत जाते है तो मंदिर पर घंटा चढ़ायेंगे उसी उपलक्ष्य मे आज पूजा पाठ के साथ घंटा चढ़ाने के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हैप्

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या एवं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने भी सम्बोधित करते हुए सरकार ने भी डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा लगातार जनहित में करायें जा कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह की कार्यशैली की भी भरपूर प्रशंसा की। ब्लाक प्रमुख दातागंज अतेन्द्र विक्रम सिंह भी भंडारे में आएं लोगों भोज्य कराते नजर आए। इस विशाल आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता हीरालाल कश्यप, रवेन्द्रपाल सिंह, शारदाकांत शीकू भईया, विनय कुमार सिंह एडवोकेट, राजेश्वर सिंह पटेल,शारतेन्दु पाठक, केसी शाक्य, दिनेश कुमार सिंह, धीरज सक्सेना, अतेन्द्र विक्रम सिंह, विजय कुमार सिंह, अनूप गुप्ता, कृष्णवीर सिंह, अनुराग दीक्षित, देवेश तोमर, भावेश प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह आदि मौजद रहे।

# गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का समापन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवाँ व समापन दिवस प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर के सातवें दिन की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा और आज के हमारे मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव महोदय ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया। छात्राओं के सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।



समापन दिवस के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने से पहले पिछले 6 दिनों में शिविर के अन्तर्गत हुए सभी कार्यक्रमों की एक समरी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इसके बाद स्वयं सेविकाओं के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमें अमन के द्वारा एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में अंशिका पटेल, अनुष्का पटेल और गुनगुन गुप्ता के द्वारा डांस प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अगले क्रम में स्वयं सेविकाओं के द्वारा सोशल मैसेज देते हुए एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। समाजशास्त्र विभाग से डॉक्टर सरला चक्रवर्ती ने स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करते हुए उन्हें आगे के आने वाले कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दी। अंत में प्राचार्या जी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद देते हुए आज के समापन कार्यक्रम को समाप्त किया।

शिविर के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाली स्वयं सेविकाओं को प्रेरित और उनका उत्साह वर्धन करने के लिए उन्हें प्राचार्या और मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन एवं मंच संचालन एन०एस०एस० के दोनों कार्यक्रम अधिकारियों डॉ० प्रीति वर्मा और अवनिशा वर्मा के द्वारा संपन्न कराया गया।

# माघ पूर्णिमा पर कछला घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**कछला।** माघ पूर्णिमा पर बदायूं के कछला घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पूजा-अर्चना करने के बाद दान-पुण्य किया। कछला घाट पर बुधवार को तड़के से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था। कछला के दोनों घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इसको देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। घाटों पर पुलिस मौजूद रही। स्टीमर से भी स्नान करने वालों पर नजर रखी जा रही थी। दोपहर 12 बजे तक घाट पर भीड़ बनी रही। आसपास के जिलों समेत राजस्थान और मध्य प्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे।



माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए एक दिन पहले ही श्रद्धालु कछला घाट पर आना शुरू हो गए थे। बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त से गंगा स्नान शुरू हो गया। कछला घाट हर-हर गंगे के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से गंगा में गहराई वाले स्थान चिह्नित कर वहां बैरिकेडिंग कराई गई।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर एक दर्जन से अधिक अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए गए। 15 नाव लगाई गईं। प्रत्येक नाव पर नाविक के अलावा दो-दो गोताखोर भी मौजूद रहे। नाविकों को यह जिम्मेदारी भी सौंपी गई कि वह श्रद्धालुओं को गहराई वाले स्थानों की ओर नहीं जाने दें। कछला घाट पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग राधेलाल कॉलेज के मैदान में कराई गई। दूसरी तरफ कासगंज वाले छोर पर घाट से काफी पहले वाहनों को रोककर उसी ओर बने पार्किंग स्थल में खड़ा कराया गया। घाट तक श्रद्धालुओं को पैदल ही जाना पड़ा।

# संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था: ओमकार

## रविदास जी का प्रसिद्ध मुहावरा- मन चंगा तो कठौती में गंगा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** संत रविदास की जयंती को धूमधाम से मनाई गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित कैम्प कार्यालय संत रविदास की जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि संत रविदास की जयंती प्रत्येक वर्ष माघ माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था। वे बेहद ही परोपकारी थे। ऐसा कहा जाता है कि इन्हें मीरा बाई भी अपना गुरु मानती थीं। इनकी प्रतिभा से सिकंदर लोदी भी प्रभावित हुआ था। प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सेवादल यूथ बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि रविदास जी का एक मुहावरा बहुत प्रसिद्ध है कि मन चंगा, तो कटौती में गंगा। अर्थात कि अगर आपका मन साफहै तो ईश्वर आपके हृदय में निवास करते हैं। आज उनकी जयंती उनके इस दोहे से हमें यही प्रेरणा भी लेनी चाहिए कि अगर हमारा मन साफहै तो ईश्वर हमारे हृदय में वास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव इगलास हुसैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, दिनेश गौड़, रामपाल शरीफ मियां, शराफत हुसैन, साजिद अली, गणेश कुमार, प्रेमपाल, रामाधार सूरत सिंह, मोहब्बै अली, श्याम सिंह, बख्तियार, पप्पू, मुज्तहिद आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# किसान नेता चौधरी अजित सिंह की जयंती मनाई

**बदायूं।** युवा राष्ट्रीय लोकदल बदायूँ के कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक व पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व० चौधरी अजित सिंह जी का 86वां जन्मदिवस मनाया इस मौके पर सभी मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि दी।

युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष परवेज चौधरी ने कहा कि स्व० चौधरी साहब का जन्मदिन आज के दिन 12 फरवरी 1939 में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के ग्राम भडोला में हुआ। वह किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौ० चरण सिंह जी के पुत्र हैं। अपने पिता की विरासत को संभालते हुए स्व चौ० अजित सिंह जी ने सदैव ही किसान हित में काम किये स्व० चौधरी अजित सिंह जी का बदायूँ से विशेष लगाव रहा है, वह कई बार बदायूँ में आये थे। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला मंत्री आतिफ आरफी ने श्री सिंह के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला।



## संपादकीय

# मिट्टी में मिल गए सुहाने सपने



वर्ष 2011 के वे दिन याद करें, जब अन्ना आंदोलन के दौरान भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जनलोकपाल विधेयक लाने की मांग की जा रही थी। इस आंदोलन ने सारे देश में अलख जगाई और इसका नतीजा यह हुआ कि संसद ने छुट्टी के दिन लोकपाल विधेयक पारित किया। इस आंदोलन की सफलता से उत्साहित केजरीवाल ने राजनीति में न उतरने के वादे और अन्ना हजारे की असहमति के बाद भी 2012 में राजनीतिक दल के गठन का फैसला किया।

2013 में नवगठित आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। इन चुनावों में आप ने जिस कांग्रेस का बेड़ा गर्क किया, उसी ने इस डर से केजरीवाल को समर्थन देकर मुख्यमंत्री बना दिया कि भाजपा सत्ता में न आ जाए। केजरीवाल ने जल्द ही कांग्रेस पर यह तोहमत मढ़कर इस्तीफा दे दिया कि वह जनलोकपाल बिल दिल्ली विधानसभा में नहीं लाने दे रही है। वह इस बिल को पेश करने के पहले केंद्र सरकार की अनुमति लेने को तैयार नहीं थे, जो नियमतः आवश्यक थी। केजरीवाल के इस्तीफे से उनके समर्थक नाराज हुए, मगर वह यह संदेश देने में लगे रहे कि भ्रष्टाचार से लड़ाई में कोई समझौता नहीं होगा। बाद में केजरीवाल 49 दिन में सत्ता छोड़ने के फैसले पर बार-बार माफी मांगकर 2015 के विधानसभा चुनाव में उतरे। इस बार उन्होंने 67 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया। फरवरी 2015 में उन्होंने फिर सरकार बनाई, लेकिन जल्द ही यह दिखने लगा कि उनका इरादा जो भी हो, भ्रष्टाचार से लड़ना कतई नहीं है। इसका संकेत तब मिला, जब प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव जैसे केजरीवाल से असहमत लोगों को पार्टी से निकालने या उनके स्वतः बाहर जाने का सिलसिला कायम हो गया और जो जनलोकपाल आप का सबसे बड़ा मुद्दा था, वह नेपथ्य में चला गया। जब यह आवाज उठनी शुरू हुई कि आखिर दिल्ली में कोई लोकायुक्त क्यों नहीं तो दिसंबर 2015 में रेवा क्षेत्रपाल लोकायुक्त बनीं। जनवरी 2019 में जब क्षेत्रपाल ने केजरीवाल समेत उनके विधायकों से अपनी संपत्ति की जानकारी देने का नोटिस जारी किया तो विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि वह किस कानून के तहत यह जानकारी मांग रही हैं। यह भी सनद रहे कि आप की कार्यकारिणी ने मार्च 2015 में अपने पहले आंतरिक लोकपाल को हटा दिया। इसके बाद जो आंतरिक लोकपाल बने, उन्होंने कुछ महीने बाद इस्तीफा दे दिया। फिर जो इस पद पर आए, वह तीन माह तक ही टिके। इसके बाद किसी को इस पद पर नहीं लाया गया। इस तरह न बांस रहा और न बांसुरी बजी। दिसंबर 2015 में कथित जनलोकपाल बिल विधानसभा से पास किया गया और उपराज्यपाल के पास भेजा गया। वहां से उसे दिल्ली सरकार को वापस भेज दिया गया। इसके बाद वह कहां गया, इसका पता आज तक नहीं चला। जल्द ही दिल्ली भी भूल गई और देश भी कि एक वक्त किस तरह सारे नेताओं को चोर बताकर इसी जनलोकपाल के लिए आसमान सिर पर उठाया गया था। रेवा क्षेत्रपाल 2020 में रिटायर हो गईं और फिर मार्च 2022 तक यानी दो साल तक लोकायुक्त पद रिक्त बना रहा। नए लोकायुक्त की नियुक्ति तब हुई, जब दिल्ली हाईकोर्ट में इसके लिए जनहित याचिका दायर की गई। 2018 में जब अपने नेताओं को राज्यसभा भेजने की बारी आई तो जाने-पहचाने चेहरों-आशुतोष, कुमार विश्वास आदि के बजाय संजय सिंह और अनजान से, लेकिन अमीर गुप्ताद्वय ने बाजी मार ली। इनमें से एक गुप्ताजी तो एक महीने पहले कांग्रेस में थे। गुप्ताद्वय को राज्यसभा चाहे जिस कारण भेजा गया हो, हम सब जानते हैं कि कुछ लोग पैसे के बल पर राज्यसभा पहुंच जाते हैं। समय के साथ आप तेजी से अन्य दलों जैसी बनने लगी। मौकापरस्त और दलबदलू किस्म के नेता आप में शामिल होने लगे। 2020 में वह फिर से दिल्ली की सत्ता में आ तो गई, लेकिन आप नेताओं की ओर से नई तरह की राजनीति का नाम लेना बंद कर दिया गया और रेवड़ियां बांटने को सफल केजरीवाल माडल बताया जाने लगा।

अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*

# एआई की चुनौती, तेजी से बदल रही टेक्नोलॉजी की दुनिया




पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा बने। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं।

अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों ने सिर उठा लिया है। यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कोई प्रभावी तंत्र इसलिए बनाना होगा, क्योंकि अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व से दो-चार हैं। कोई भी तकनीक तभी अवसर बनती है, जब उसका उपयोग नीर-क्षीर ढंग से होता है और उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाई जाती है। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। निःसंदेह नई तकनीक अवसर बनती है, लेकिन उन्हीं के लिए जो उससे परिचित हो जाते हैं।

यह स्वाभाविक है कि भारत एआई को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहा है, लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि उसका समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो मनुष्य करते हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं।

# परस्पर हितों की रक्षा से ही बनेगी बात



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस में एआई शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता करने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आमंत्रण पर अमेरिका जा रहे हैं। अपनी ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता में लौटे ट्रंप के तेवर काफी बदले हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-अमेरिकी संबंधों में प्रगति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

ट्रंप ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले उन देशों पर निशाना साधना शुरू किया, जहां से बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी आ रहे हैं और जिनके साथ व्यापार घाटा हो रहा है। उन्होंने मेक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया, परंतु चुनाव प्रचार में टैरिफकिंग की संज्ञा देने के बावजूद भारत पर व्यापार टैरिफ की जगह अवैध प्रवासियों के लिए निशाना साधा।

अमेरिका में मेक्सिको और अल सल्वाडोर के बाद सबसे बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी भारत से ही जाते हैं। अमेरिका में अब भारतीयों की संख्या लगभग 50 लाख हो चली है, जिनमें से 7,25,000 ऐसे हैं जो या तो अवैध मार्गों से घुसपैठ कर आए हैं या फिर वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि भारत से गए अवैध प्रवासियों को अमेरिका ने पहली बार देश से निकाला हो। पिछले वर्ष ही 1,000 से अधिक भारतीयों को निकाला गया था। वर्ष 2018 से 2023 के बीच लगभग 5,500 भारतीयों को निकाला गया, जिनमें से 2,300 अकेले 2020 में निकाले गए थे। हालांकि अभी तक भारतीयों को सेना के विमान में बेड़ियां-हथकड़ियां पहना कर नहीं निकाला गया था।

किसी भी देश में अवैध मार्गों से घुसपैठ गंभीर अपराध है। भारत जैसा बड़ा देश न इसका बचाव कर सकता है और न ही इसे बढ़ावा दे सकता है। इसलिए भारत ने अपने अवैध प्रवासियों को वापस लेने में पूरा सहयोग देने की पेशकश की, परंतु भारत जैसे स्वाभिमानी देश को यह भी गवारा नहीं हो सकता कि सहयोग की पेशकश के बावजूद उसके नागरिकों को बेड़ियां-हथकड़ियां पहना कर सैनिक विमानों से भेजा जाए। ऊपर से अमेरिकी सीमा पैट्रोल के प्रमुख माइकल बैंक्स ने उनका वीडियो बनाकर पोस्ट भी किया, जिसे लेकर भारत में राजनीतिक बवाल होना स्वाभाविक था।

संसद में पहले तो विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे निर्वासन की स्थापित अमेरिकी प्रक्रिया बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, मगर बढ़ते आक्रोश पर विदेश सचिव को सफाई देते हुए स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने अमेरिकी सरकार के समक्ष अपने नागरिकों के अपमान का मुद्दा उठाया है, क्योंकि जब इसी शैली में ब्राजीली नागरिकों को वापस भेजा गया था तब ब्राजील सरकार ने भी अपना विरोध दर्ज कराया था।

कोलंबिया के वामपंथी राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो तो इतना नाराज हुए थे कि अमेरिकी सैनिक विमान के अपनी धरती पर उतरने को प्रभुसत्ता का अतिक्रमण बता कर विमान को उतरने नहीं दिया था और बाद में ऊंचे टैरिफ की धमकी से घबराकर अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए अपने विमान भेजे थे। मेक्सिको, कनाडा, चीन और कोलंबिया के खिलाफ ट्रंप की आवेश भरी घोषणाओं के बाद के घटनाक्रम को देखा जाए तो मामूली मोलभाव के बाद ट्रंप ने अपने कदम रोक लिए हैं या वापस ले लिए हैं। ऐसा लगता है कि वह अमेरिकी राजनीति और विश्व व्यवस्था पर अपनी छाप छोड़ने की जल्दबाजी में हैं, इसलिए ध्यान खींचने के लिए सनसनीखेज घोषणाएं करते रहते हैं और मामूली सी रियायत हासिल होने पर भी अपनी जीत बताकर पीछे हट जाते हैं। इसलिए लगता है भारत ने अमेरिका के साथ उत्तरोत्तर प्रगाढ़ होते संबंधों की खातिर संयम से काम लेकर सही किया है। गीदड़ भभकी से डराकर मोलभाव की बाजीगरी के इस खेल की हकीकत अमेरिका के सबसे बड़े व्यापार साझेदार कनाडा, मेक्सिको और चीन समझ चुके हैं। दूसरे देशों के कूटनयिकों और मीडिया को भी इसे समझना होगा। अवैध प्रवासियों की बात करें तो अमेरिका में उनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक पहुंच गई है। पुलिस औसतन 2,000 को रोज पकड़ रही है, जिनमें से अधिकांश पर्याप्त संसाधनों के अभाव में वापस नहीं भेजे जा रहे। ट्रंप ने सत्ता संभालने के बाद सैनिक विमानों और अतिरिक्त अफसरों को इस काम पर लगाया है।

एक तो इस काम में नागरिक विमानों की तुलना में दस गुना से अधिक खर्च आता है और दूसरे यदि 3,000 को भी रोज वापस भेजा जाए तब भी इतने लोगों को निकालने में दस साल से ऊपर लगेंगे। इसलिए सैनिक विमानों में बेड़ी और हथकड़ी पहनाकर भेजने का नाटक जिन देशों से अवैध प्रवासी आ रहे हैं, उनमें आतंक और राजनीतिक आक्रोश फैलाने के लिए खेला जा रहा है।

ब्रिटेन में भी सुनक सरकार ने अवैध मार्गों से आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ को रोकने के लिए उन्हें रवांडा भेजने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य यही था। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारतीय दल भी ट्रंप प्रशासन के नाटकीय कदमों और बयानों में उलझे बिना अपना विरोध जताकर असल मुद्दों पर मोलभाव की रणनीति अपनाएगा।

## खेल-खिलाड़ी

# वनडे में लगातार 10वां टॉस हारा भारत, वरुण एक मैच खेलकर बाहर




**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यह इस सीरीज में लगातार तीसरी बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे। उन्होंने पिछले दो मैचों में भी टॉस गंवाया था। हालांकि, टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही है। भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 10वां टॉस गंवाया है। टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और अब इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में टॉस गंवा चुकी है। भारत को पिछले नौ वनडे मैचों में से चार जीते हैं, जबकि चार में हार मिली है। एक मैच टाई रहा है। वनडे में लगातार 10 टॉस हारने का रिकॉर्ड दूसरा सबसे ज्यादा है। इस मामले में नीदरलैंड सबसे आगे है। यह टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 वनडे में टॉस हारी थी। वहीं, आईसीसी के नियमित सदस्य देशों में भारत के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में तीन बदलाव किए। वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा तीसरे वनडे में नहीं खेल रहे। रोहित ने बताया कि वरुण के पैर में चोट है। वरुण ने टी20 सीरीज के तीनों मुकाबले खेले थे और पिछले कटक मैच से ही वनडे में डेब्यू किया था। हालांकि, वह एक मैच खेलकर ही चोटिल हो गए। वरुण को चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में भी शामिल किया गया है। वहीं, जडेजा और शमी को आराम दिया गया है। इन तीनों की जगह अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव को मौका दिया गया। अर्शदीप और सुंदर इस वनडे सीरीज में अपना पहला मैच खेल रहे हैं, जबकि कुलदीप को नागपुर वनडे के बाद दूसरे वनडे के लिए टीम से बाहर किया गया था। अब फिर से उनकी वापसी हुई है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफवनडे सीरीज के लिए चुनी गई टीम से सिर्फऋषभ पंत ही ऐसे खिलाड़ी रहे, जिन्हें कोई मैच खेलने को नहीं मिला। ऐसे में सवाल यह उठता है कि मैच प्रैक्टिस के लिए क्या उन्हें एक मैच खिलाना चाहिए था? इसका जवाब शायद टीम मैनेजमेंट के पास ही हो।

# अफगानिस्तान टीम को बड़ा झटका




नई दिल्ली। अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर एएम गजानफर कमर के निचले हिस्से में फेक्कर के कारण आईसीसी चौम्पियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। अफगानिस्तान की टीम को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चौम्पियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। 20 साल के खरोटे पिछले साल डेब्यू के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजानफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने टीम से बाहर रहेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक्स पर लिखा, एएम गजानफर चोट के कारण चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें कमर के निचले हिस्से में फेक्कर हुआ है। उन्हें जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे। आईपीएल 21 मार्च से 25 मई तक होना है जिसमें गजांफर को मुंबई इंडियंस के लिये खेलना था।

एसीबी ने यह भी बताया कि आफस्पिनर मुजीबुर रहमान पूरी तरह से फिट होने तक वनडे टीम से बाहर रहेंगे हालांकि वह एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेले थे। अफगानिस्तान को चौंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच कराची में 21 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। इसके बाद टीम 26 फरवरी को इंग्लैंड और 28 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। अफगानिस्तान की टीम चौंपियंस ट्रॉफी में उलटफेर करती दिख सकती है। हशमतुल्लाह शाहिदी, इब्राहिम जदरान, इकराम अलीखिल, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदिन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फरीह अहमद, फजलहक फारूकी, नांगेयालिया खरोटे, नावीद जदरान, नूर अहमद।

# शहर में छेड़छाड़ करने वालों पर होगा सख्त एक्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर की पोश एरिया रामगंगा विहार के हाई स्ट्रीट इलाके में छेड़खानी की शिकायतों को एसएसपी सतपाल अंतिल ने गंभीरता से लिया है एसएसपी ने थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज को हिदायत दी है कि अगर ऐसी शिकायत फिर मिली तो दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी,

एसएसपी के आदेश पर सी ओ सिविल लाइन कुलदीप गुप्ता और इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने इलाके में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है, इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई, बाइक पर तीन सवारी वालों का चालान किया गया, संदिग्धों को पुलिस ने चौकी में ले जाकर पूछताछ की, 2 घंटे बाद पेपर तसदीक करा कर घर जाने दिया, एसएसपी सतपाल अंतिल का कहना है कि यह अभियान इस इलाके में जारी रहेगा, सिविल लाइन्स पुलिस के अलावा यातायात पुलिस को भी इस इलाके में लगातार चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस ने पहले दिन की चेकिंग में 14 वाहनों के चालान काटे जबकि एक गाड़ी को सीज करके थाने पर खड़ा कर दिया, बेवजह घूमने वाले लोगों से लगातार पूछताछ हो रही है, बता दें कि इस एरिया में 4 दिन पहले कार सवार युवको ने 6 स्कूली छात्राओं के ऊपर कार चढ़ा दी थी जिसमें छात्राओं को गंभीर चोटें आई थी,

इनमें से दो छात्राओं की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है, इस घटना को एसएसपी ने बेहद गंभीरता से लिया है, उन्होंने सिविल लाइंस पुलिस को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# गौशाला की व्यवस्थाओं को परखा, गुड चना भी खिलाया गया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उ.प्र प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक कासगंज देवेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरीओम वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा केपी सिंह सोलंकी, जिलाधिकारी मेधा रूपम, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सचिन,अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल व समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यध्राजस्व कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा एवं उद्यमी मित्रों एवं स्थानीय बैंकर्स के साथ बैठक कर प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में मंत्री जी द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की गयी। मंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों हेतु बेसिक सुविधाओं, इमरजेंसी व्यवस्था, एंबुलेंस की स्थिति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना एक महत्वपूर्ण योजना है इसमें पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शतप्रतिशत कैम्प लगाकर बना दिये जाये महिला पोस्टमार्टम में पैनल बनाने के दिये निर्देश और पोस्टमार्टम रूम में बीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिये निर्देश पशु विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि गौशालाओं में रखे गये पशुओं एवं निराश्रित गौवंशों के लिये चारा, भूसा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। हरे चारे के लिये समुचित व्यवस्था बनाये रखें।

# बाल विवाह के खिलाफ थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा जिले के सभी थानों को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी द्वारा चलाए जा रहे बाल अपराधों के खिलाफ अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिये थे जिसके अनुपालन में बुधवार को थाना हयातनगर प्रभारी चमन सिंह ने थाने में कार्यरत सभी पुलिस कर्मीयों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। और सभी पुलिसकर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में बाल अपराधों पर नियंत्रण करने में प्रयत्न संस्था का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिये। जनपद सम्भल में बाल अपराधों के खिलाफ गौरीशंकर चौधरी लगातार अभियान चला रहे है और अब तक बहुत बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा चुके है और बाल विवाह के साथ ही बाल तस्करी जैसे अपराधों को भी उजागर कर चुके है थानाध्यक्ष चमन सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो।

बच्चे हमारे देश के भविष्य है और उनके अधिकारों की रक्षा करना पुलिस का कर्तव्य है अत: हम किसी भी हालत में बाल अपराध नहीं होने देंगे आम जनमानस भी अगर कहीं बाल अपराध होते देखते हैं तो पुलिस को 112 नंबर या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अथवा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की टीम को सूचना दे सकते है।

# आकर्षक झांकियों व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत संत शिरोमणि रविदास जयंती पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई आकर्षक झांकियां। बुधवार को थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लखौरी जलालपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी संत शिरोमणि रविदास की जयंती पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिससे राधा कृष्ण, शिवशंकर गोरा पार्वती, संत रविदास की झांकियां आदि डीजे के साथ निकाली गई। जिससे ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। और काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहे।आपको बता दें की किशनलाल पुत्र हरिश चंद द्वारा पिछले आठ वर्षों से संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों बढ़-चढ़ हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। उपनिरीक्षक प्रवीन त्यागी पीएसी जवानों के साथ तैनात रहे ओर बहुत ही सुझबुझ के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न कराया संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम के आयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में अम्बेडकर धर्म शाला से प्रारंभ होकर झांकियां शुरू हुई और डाक खाना चौराहा,होली चौक होते हुए अम्बेडकर धर्म शाला पर कार्यक्रम का समान किया गया। और पूजा आराधना की गई।

कार्यक्रम में किशनलाल, रामचरन, मनोहर सिंह, कल्लू, जन्म सिंह, गोल्डी, मुकेश फौजी, बृजपाल सिंह, मुकेश कुमार सागर, नीटू, मदनलाल पोस्ट मैन, बिजेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, मनोज कुमार, ओमप्रकाश गुरमित, हरविंदर, शालू सोरभ सोनू, चुनमुन, शिवम, बिशाल, नन्हे, आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### अवैध निर्माण देख इंजीनियरों की लगी क्लास



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मरादाबाद।** एम डीएवीसी शैलेश कुमार सिंह ने बुधवार को इंजीनियरो की जमकर क्लास लगाई, वी सी लाकड़ी बाईपास पर निरीक्षण के लिए निकले थे, इस दौरान उनकी नजर लाकड़ी बाईपास पर हो रहे अवैध निर्माणों पर पड़ी यहां बगैर मानचित्र पास कराए बड़े-बड़े अवैध निर्माण हो रहे थे वीसी ने नक्शा मांगा तो निर्माण करने वाले जवाब नहीं दे सके वी सी ने मौके पर ही जे ई को बुलाकर कार्रवाई की चेतावनी दी, वीसी शैलेश सिंह ने मीडिया को बताया कि अवैध निर्माण मिले हैं उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी,

जेई को मौके पर बुलाकर चेतावनी दी गई है, इन अवैध निर्माण में विभाग के इंजीनियरों की मिली भगत या उदासीनता की जांच, एम डी ए की सेक्रेटरी को दी गई है जांच रिपोर्ट के आधार पर जे ई से लेकर एक्स ई एन तक सभी पर कार्यवाही की जाएगी, वी सी ने बताया कि लाकड़ी बाईपास पर चौहानों वाली मिलक में अवैध निर्माण हो रहा था, इसके ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किया जा चुके हैं, पूर्व में बिल्डिंग को सील कर दिया गया था, इस मामले में जल्द ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी, जबकि विभागीय लोगों की भूमिका तय करने के लिए सेक्रेटरी को जांच दी गई है।

### तीन दिन से लापता युवक का मिला शव



**ऊधमसिंहनगर।** नगर के किच्छा में पुलभट्टा पुलिस ने तीन दिन पहले लापता हुए एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस ने तीन युवकों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार भी किया है। तीनों हत्यारे मृतक के दोस्त थे।

जानकारी के अनुसार गांव के बाहर एक हवेली में तीनों ने युवक की हत्या धारदार हथियार से की। सतुईया निवासी बंटी (30) बीते 9 फरवरी की शाम से लापता था। जिस समय वह लापता हुआ था वह अपनी पत्नी के साथ गांव में था। उसकी मां महाकुंभ गई हुई थी। बंटी की मां जब मंगलवार शाम को महाकुंभ से वापस आई तो उसे पता लगा कि उसका बेटा गायब है। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने बंटी का शव बरामद कर उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया। किच्छा के सतुइया में तीन दिन से लापता बंटी की हत्या उसके तीन दोस्तों ने चोरी के चावल के कट्टे को बेचने से मिले रुपये नहीं मिलने पर की थी। बंटी और तीन हत्यारोपी विपिन, सूरज और विशाल एक ही गंवा के रहने वाले थे और नशा करते थे। नौ फरवरी की रात चारों ने गांव में एक खंडहर में नशा किया था। इसके बाद रुपये नहीं मिलने पर तीनों ने पाटल से कई वार कर बंटी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल पाटल और मृतक का मोबाइल बरामद किया है।

# राज्य सड़क सुरक्षा नीति 2025 को मंजूरी



**देहरादून।** राज्य विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व बुधवार को धामी कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें राज्य सड़क सुरक्षा नीति 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिली। वनाग्नि प्रबंधन नीति के तहत वन पंचायतों व मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। साथ ही आम सहमति से लैंड बैंक बनाने को मंजूरी दी गई। दो टाउनशिप के लिए लैंड बैंक बनेगा। पहाड़ में सुनियोजित टाउनशिप के लिए लैंड बैंक बनाने को मंजूरी दी गई। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर धामी सरकार अहम प्रस्ताव लाई है। सचिव परिवहन ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके तहत पर्वतीय क्षेत्रों में एआरटीओ के 11 नए पद सृजित होने का प्रस्ताव शामिल है।

# डीएम एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड असमोली में कल्कि धाम ऐंचौडा कम्बोह के स्थापना दिवस पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित सम्मिलित होने तथा राज्यपाल महोदया के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सर्व प्रथम कार्यक्रम स्थल पहुंच कर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से व्यवस्थाओं, मंच, पंडाल मीटिंग स्थल सुरक्षा आदि के संबंध चर्चा की तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पार्किंग स्थल, हैलीपैड, आदि को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ऐंचौडा कम्बोह का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में वेदर शीट मैक्स पेंट करना तथा सफाई व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐंचौडा कम्बोह का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पानी की टंकी को नीचे प्लेटफॉर्म बनाते हुए शीघ्र ही सही कराना सुनिश्चित करें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक एवं जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, डिप्टी कलक्टर दीपक चौधरी,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की गोली खाकर गैंगटर हुए घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर एसएसपी की ओर से जारी की गई जिले के 9 मोस्ट वांटेड अपराधी की लिस्ट में से दो गैंगस्टर एनकाउंटर के बाद पकड़े गए दोनों के पैर में पुलिस की गोली लगी है मंगलवार शाम को लिस्ट जारी करते हुए एसएसपी सतपाल अंतिम ने संबंधित थाना प्रभारी को इनकी अरेस्टिंग के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी थी ।

कप्तान ने साफ हिदायत दी थी कि थाना इंचार्ज की कुर्सी पर बने रहना है तो लिस्ट में शामिल गैंगस्टर सलाखों में होने चाहिए एसएसपी के अल्टीमेटम के बाद से पुलिस हरकत में थी पुलिस ने आरोपियों को दबोचने के लिए उनके संबंधित ठिकानों पर छापामारी शुरू कर दी, इसी दौरान मंगलवार रात मुगलपुरा पुलिस को 25000 के इनामी गैंगस्टर रचित और सौरभ से मुठभेड़ हुई, इन दोनों ने पुलिस के रोकने पर पुलिस टीम पर गोलीयां चला दी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी और दोनों जख्मी होकर गिर पड़े इसके बाद पुलिस ने दोनों को घर दबोचा, मुठभेड़ कठघर थाना के इलाके अटल घाट पर हुई, 25000 का फरार इनामी आरोपी सौरभ शर्मा मुगलपुरा के गुड़िया मोहल्ला पीरगेब का रहने वाला है उसके खिलाफ कई थानों में लूट, डकैती, गैंगस्टर समेत कई आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरा गैंगस्टर रचित शर्मा अपराधी है यह मझोला थाना क्षेत्र के काशीराम नगर का रहने वाला है,

मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपीयों से पुलिस ने मोटरसाइकिल दो देसी तमंचे बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं, दोनों आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है, मंगलवार रात कटघर रामगंगा पुल पर पुलिस और बदमाशों के बीच जबर्दस्त मुठभेड़ हो गई दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग भी की गई इस दौरान दो बदमाश रचित शर्मा और सौरभ शर्मा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, एसएसपी सतपाल अंतिल,एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ कठघर आशीष प्रताप सिंह ने घटना का निरीक्षण किया एसएसपी जिला अस्पताल भी पहुंचे, दोनों बदमाशों ने सोमवार कार टकरा जाने को लेकर विवाद के बाद सर्राफा कारोबारी व्यापारी विशाल रस्तोगी पर गोली चला दी थी, इसके बाद से फरार थे, एसएसपी का कहना है कि पुलिस की गोली से घायल सौरभ निवासी मुगलपुरा पर 25000 का इनाम घोषित किया गया था, वहीं रचित शर्मा कटघर के पीतल बस्ती का रहने वाला है दोनों पर अलग-अलग थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

सोमवार रात मुगलपुरा के अताई मोहल्ला निवासी सर्राफा व्यापारी विशाल रस्तोगी का विवाद इनामी बदमाश सौरभ शर्मा से हो गया था इसके बाद सौरव ने साथी रचित शर्मा, अभय के साथ मिलकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था तीनों के खिलाफ मुगलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था, रात के समय रचित और सौरभ बिना नंबर की बाइक से भाग रहे थे मुगलपुरा थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने पीछा किया वह पीछा करते हुए रामगंगा पुल तक पहुंच गए जानकारी पर कठघर इंस्पेक्टर संजय कुमार भी फोर्स के साथ मौके पर आ गए, घेराबंदी करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान सौरभ और रचित के पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे दोनों घायल हो गए।

# महिला शक्ति संगठन ने एक गरीब बेटी की शादी में किया सहयोग



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** महिला शक्ति संगठन हयातनगर जरूरतमंदों के सहयोग के लिए जाना जाता है।

महिला शक्ति संगठन की महिलाएं अपने अध्यक्ष दीपा बाष्णेय के साथ हमेशा ही जरूरतमंदों के सहयोग के लिए तैयार रहती हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने 54 वी जरूरतमंद बिटिया की शादी में सहयोग का कार्य किया। उस बिटिया को हयात नगर के शिव मन्दिर पर जरूरत का सारा सामान तथा लिफाफा भी भेंट किया। समिति की सारी महिलाओं ने उसे बिटिया को आशीर्वाद दिया। अपनी अध्यक्ष दीपा बाष्णेय के साथ खुशबू अंजना कुसुम लता, बृजबाला कविता साधना प्रीति प्रतीक पुष्पा देवी मधु गुप्ता रिचा 1 रिचा 2 संतोष नीलिमा निशि छाया माधुरी नेहा लक्ष्मी बर्षा विनीता शशि ममता दीप्ति मंजू नीलम सोनिया कामिनी आदि बहने उपस्थित रहीं।

# समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट होना जरूरी: प्रोफेसर विनोद नागर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना के संरक्षण में एम एम आर ग्रैंड मॉल बुलंदशहर में समस्त पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभल, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, हापुड़, नोएडा, अलीगढ़, बुलंदशहर आदि जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों का पटका व माला पहनाकर सम्मान किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयां व दिशा देने का आह्वान किया। साथ ही समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मोहन भारद्वाज थल सेना, कृष्ण कुमार वर्मा प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया रीजनल डायरेक्टर, नीतू वर्मा समाजसेवी, नरेंद्र चौधरी, शर्मिष्ठा चौधरी झारखंड सरकार, आर एस भाटी कृषि मंत्रालय, सुरेंद्र सिंह चेयरमैन, अश्वनी सिंह पूर्व कर्नल, नरेश राघव पूर्व जनरल सेक्रेटरी इंडियन आर्मी आदि वरिष्ठ जनों द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन और वंदन करते हुए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संभल मिंकू चौधरी, जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर, जिला महासचिव संभल अनमोल कुमार, जिला संरक्षक संभल शिव नारायण सैनी, भोला पहलवान राष्ट्रीय महासचिव आदि उपस्थित रहे।

# बेटे के गले में पदक देख मां के छलके खुशी के आंसू

**उत्तराखंड।** अनु कुमार ने राष्ट्रीय खेलों में 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया। वहीं, बेटे के गले में रजत पदक देखकर मां की आंखें खुशी से छलक आई। अनु कुमार के मुताबिक 2022 में उनके पिता की मृत्यु के बाद, घर की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई, ऐसे में उनके लिए खेलना बहुत मुश्किल हो गया था। उनके लिए यह समय बहुत कठिन था क्योंकि पूरा परिवार गरीबी से जूझ रहा था। बावजूद इसके, उन्होंने हार नहीं मानी। अनु ने खेतों में काम करने के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूरी की।

# डिजिटल युग में पारदर्शिता की जरूरत: जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को पेरिस में एआई एक्शन शिखर सम्मेलन के दौरान 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में विश्वास और पारदर्शिता की जरूरत है। एआई एक्शन शिखर सम्मेलन का आयोजन पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सह अध्यक्षता में हुआ।

इसके बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि डिजिटल युग में विश्वास और पारदर्शिता की आवश्यकता है। शिखर सम्मेलन अपने आप में एक अनुस्मारक है। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस एआईए सॉफ्टवेयर विकास और साइबर सुरक्षा में बहुत कुछ कर सकते हैं। 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार का वर्ष घोषित किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस की स्वतंत्र मानसिकता की परंपरा हैए इसे अलग-अलग समय पर विभिन्न तरीकों से व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम सिर्फ एक जैसा सोचते हैं।

हम एक-दूसरे की स्थिति को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास चालित और मूल्य आधारित हैं। इसलिए उनमें बहुत उच्च स्तर की सहजता विकसित हुई है। बदले में यह हमें सहयोग के लिए कई क्षेत्रों पर विचार करने की अनुमति देता है जिसमें कुछ संवेदनशील क्षेत्र भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी की गुणवत्ता ही हमारे एजेंडे को प्रोत्साहित करती है। जितना अधिक हम साथ काम करेंगे। उतना ही हम अपनी स्थिति मजबूत करेंगे।

उन्होंने कहा कि साझेदारी का वास्विक अर्थ तभी होता हैए जब वे जमीन पर साकार होती हैंए और यह जिम्मेदारी काफी हद तक व्यापार पर होती है। जयशंकर ने मेक इन इंडिया पहल का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और फ्रांस अब केवल खरीद-फरोख्त के स्तर से आगे बढ़कर सह डिजाइनिंग और सह उत्पादन की दिशा में बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें इस क्षेत्र में वैश्विक विमर्श को आकार देने की जरूरत है। केवल एक बहुध्रुवीय दुनिया ही यह सुनिश्चित कर सकती है कि एआई को कम से कम पूर्वाग्रह के साथ विकसित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को सुरक्षित करने की आवश्यकता बढ़ गई है। विदेश मंत्री ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे यप्डम्ब्द्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम हो सकता है। उन्होंने कहाए श्यह कोई संयोग नहीं है कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मार्सिले की यात्रा करेंगे।

## शाहपुर कुतुब में कबाड़ गोदाम में लगी आग

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** रोरावर थाना क्षेत्र के शाहपुरकुतुब में स्थित एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है गोदाम में प्लास्टिक का कबाड़ रखा था, जो आग के कारण जलकर खाक हो गया। बतते हैं कि घटना के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था। जिससे किसी भी तरह के जान की हानि नहीं हुई है। फिलहाल, आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं।

# फलस्तीन बनने तक इस्राइल से नहीं रखेंगे कोई संबंध



**रेयाद।** सऊदी अरब ने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल को झटका देते हुए कहा है कि जब तक फलस्तीन देश नहीं बन जाता है, तब तक इस्राइल के साथ कोई कूटनीतिक संबंध नहीं बनाएंगे। सऊदी अरब ने कहा कि वे फलस्तीन की अलग देश के रूप में मांग से पीछे नहीं हटेंगे।

सऊदी अरब का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब मंगलवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे चाहते हैं कि अमेरिका, गाजा पर नियंत्रण रखे और गाजा से विस्थापित लोगों को गाजा के बाहर बसाया जाए। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया। सोशल मीडिया पर साझा इस बयान में कहा गया है कि सऊदी अरब का विदेश मंत्रालय यह स्पष्ट करता है कि फलस्तीन देश बनाने को लेकर हमारा विचार दृढ़ है और ये बदलने वाला नहीं है। युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने 18 सितंबर 2024 को शूरा काउंसिल के पहले सत्र में भी स्पष्ट और दृढ़ तौर पर फलस्तीन को अलग देश बनाने का समर्थन किया था।

युवराज ने जोर देकर कहा था कि वह फलस्तीन को अलग देश बनाने का समर्थन जारी रखेगा और पूर्वी यरूशलम उसकी राजधानी होनी चाहिए, जब तक ये नहीं होता है, तब तक इस्राइल के साथ कोई कूटनीतिक संबंध स्थापित नहीं किए जाएंगे। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि श्सऊदी अरब, फलस्तीन के लोगों के अधिकारों को किसी भी तरह से खारिज करने का विरोध करता है, फिर चाहे वो पुनर्वास संबंधी नीतियां हों, जमीन पर कब्जा हो या फिर फलस्तीन के लोगों को उनकी जमीन से विस्थापित करने की कोशिश के जरिए हो। सऊदी अरब फलस्तीन के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगा।

# बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम हसीना के कार्यकाल पर यूएन की तल्ख टिप्पणी



**ढाका।** बांग्लादेश बीते सात महीने से अधिक समय से हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। ताजा घटनाक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि विरोध, प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध और बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के पीछे शेख हसीना की सरकार है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल बांग्लादेश में व्यापक अशांति के दौरान लगभग 1400 प्रदर्शनकारी मारे गए। हजारों हताहत हुए। इसके बाद हालात इतने बिगड़े कि अगस्तए 2024 में शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के प्रयास में लगी है। भारत ने अभी अपना फैसला नहीं लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बीते साल प्रदर्शनकारियों पर व्यवस्थित हमले हुए। सैकड़ों न्यायेतर हत्याएं हुईं। इन सबके पीछे शेख हसीना की सरकार थी। एएफपी की रिपोर्ट के हवाले से सामने आई यूएन की इस जांच रिपोर्ट में अनुमानित तौर पर 1400 प्रदर्शनकारियों की मौत की बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा और उपद्रव के दौरान हजारों लोग हताहत हुए।

बता दें कि पिछले साल बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर विरोधण्प्रदर्शन शुरू हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में छात्र संगठन शामिल थे। बाद में विरोधण्प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा और उपद्रव हुआ। शेख हसीना को हटाने की मांग के बीच प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास पर हमला कर दिया था, जिसके बाद हसीना को भागने पर मजबूर होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के बीच यह जानना भी अहम है कि बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पिछले हफ्ते भी हिंसा भड़की थी। ढाका में शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब उरण्रहमान के आवास पर जमकर आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी।

## इस्राइलियों को ट्रंप प्रशासन से समर्थन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वेस्ट बैंक में यहूदी जनसंख्या में पिछले साल इस्राइल की आम आबादी की तुलना में दोगुनी दर से वृद्धि हुई। एक हित समूह ने यह जानकारी दी। इस समूह को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन उन नीतियों का समर्थन करेगा, जो कब्जे वाले क्षेत्र में बस्तियों के विस्तार को तेज करने में मदद करें। वेस्ट बैंक यहूदी जनसंख्या आंकड़े की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया कि वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की आबादी में पिछले वर्ष करीब 2.3 फीसदी की वृद्धि हुई और अब यह संख्या 5,29,450 तक पहुंच गई है। 2023 में यह 2.3 फीसदी की वृद्धि दर से थोड़ी सी कम थी, लेकिन यह इस्राइल के अंदर जनसंख्या वृद्धि दर से 1.1 फीसदी से करीब दोगुनी थी। आंकड़े प्रकाशित करने वाले समूह के निदेशक बारूक गॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है।

# ट्रंप ने फिर दोहराया गाजा पर अमेरिकी हक



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशियाई देश इस्राइल और अमेरिका के बीच बेहद करीबी रिश्ते रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद इस्राइल और हमास के बीच 15 महीने से जारी हिंसा फिलहाल रूक गई है। दोनों पक्षों के युद्धविराम के बीच कई बंधकों की रिहाई भी हुई है।

अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र गाजा पर अधिकार की बात को लेकर चर्चा में हैं। ट्रंप बीते एक हफ्ते में कई बार दोहरा चुके हैं कि गाजा पर अमेरिका का हक है। उन्होंने कहा है कि इस भूखंड की वर्तमान स्थिति ऐसी हैए जहां कोई भी दोबारा बसना नहीं चाहेगा। उन्होंने एक बार फिर दोहराया है कि यहां रहने वाले लगभग 22 लाख फलस्तीनी लोगों को जॉर्डन और मिस्र जैसे पड़ोसी देशों में विस्थापित किया जा सकता है। हालांकि, ट्रंप के इस बयान की आलोचना भी हो रही है। पश्चिम एशिया में जॉर्डन और अमेरिका को सबसे करीबी सहयोगी माना जाता है। हालांकि, मिस्र के दौरे पर आए जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने ट्रंप के गाजा पर अमेरिकी अधिकार वाले बयान का विरोध भी किया। उन्होंने कहाए मिस्र एक योजना पर काम कर रहा है कि किस प्रकार पश्चिमी एशियाई देश ट्रंप के इस चौंकाने वाले प्रस्ताव पर उनके साथ काम करने को सहमत हो सकते हैं। जॉर्डन के राजा ने ट्रंप से मुलाकात के बाद कहा कि मैंने गाजा और पश्चिमी एशिया में फलस्तीनियों के विस्थापन के खिलाफ जॉर्डन की दृढ़ स्थिति साफ कर दी है।

यही अरब देशों का भी मानना है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों को विस्थापित किए बिना गाजा में पुनर्निर्माण और गंभीर मानवीय संकट का समाधान सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि हम सऊदी अरब में इस बात पर चर्चा करेंगे कि अमेरिका के साथ मिलकर गाजा संकट का समाधान कैसे किया जा सकता है।

हमें तब तक इंतजार करना चाहिए जब तक मिस्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलकर अपनी योजना सार्वजनिक नहीं करता। यह भी दिलचस्प है कि ट्रंप ने श्गाजा पर अमेरिकी हक वाला बयान जॉर्डन के राजा के साथ मुलाकात के ठीक बाद दोहराया। ट्रंप ने जॉर्डन के राजा से मुलाकात के बाद ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि गाजा हमारे कब्जे में होगा। हमें इसे खरीदने की जरूरत नहीं है। हम इसे अपने पास रखेंगे, अमेरिका इसे संभाल कर रखेगा। एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहाए गाजा में निजी तौर पर संपत्ति विकसित करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

## ऑटो की टक्कर से बच्ची की हुई मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** नुमाइश देखकर वापस लौट रहे परिवार को एक ऑटो ने रौंद दिया। इस घटना में ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। ये परिवार लखनऊ का रहने वाला था।घटना के बाद परिवार ने सरकारी एंबुलेंस को फोन किया लेकिन वो मौके पर नहीं पहुंची, जिससे इलाज के अभाव में बच्ची की मौत हो गई। लखनऊ से आया ये परिवार अलीगढ़ के नुमाइश देखकर ई-रिक्शे में बैठकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बन्नादेवी थाना इलाके के रसलगंज में ऑटो ने टक्कर मार दी। जिसमें छोटी बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद ऑटो ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

# भारतवंशी तुलसी गबार्ड राष्ट्रीय खुफिया निदेशक होंगी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद सदस्य रह चुकीं भारतवंशी तुलसी गबार्ड अब नेशनल इंटेलिजेंस निदेशक का पद संभालेंगी। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी में मतदान के बाद उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड की नियुक्ति के लिए पूर्ण सीनेट में मतदान होना बाकी है। सीनेट कमेटी में करीबी मुकाबले के दौरान तुलसी को 9-8 से जीत मिली। वोट डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी लाइनों के अनुसार डाले गए।

रिपब्लिकन नेता और सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष टॉम कॉटन ने बताया कि समिति ने नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक बनने के लिए वोट किया। उनके नाम की पुष्टि के बाद अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। इंडियाना से निर्वाचित सीनेटर टॉड यंग ने एलान किया था कि वह गबार्ड का समर्थन करेंगे। इसे बेहद अहम स्विंग वोट माना गया। इनके अलावा सीनेटर सुसान कोलिन्स ने भी गबार्ड का समर्थन किया। इन दोनों सीनेटरों के वोट निर्णायक माने जा रहे थे। गबार्ड एक पूर्व आर्मी रिजर्व लेफ्टिनेंट कर्नल रही हैं। डेमोक्रेटिक खेमे से अमेरिकी कांग्रेस सदस्या रह चुकीं गबार्ड ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बतौर उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमाई थी। पिछले साल ही ट्रंप का दामन थामने वाली तुलसी गबार्ड ने कई मौकों पर कहा है कि हजारों खुफिया कर्मी डीप स्टेट सदस्य हैं। अब इनकी जिम्मेदारी तुलसी के पास ही होगी।

बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 43 वर्षीय तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद के लिए नामित किया था। सीनेट के समक्ष पेशी और कठिन सवाल-जवाब के बाद सीनेट में मतदान होता है। इसके बाद तुलसी की नियुक्ति को औपचारिक तौर पर मंजूरी मिलेगी। यह भी दिलचस्प है कि भारतवंशी गबार्ड चार बार कांग्रेस की सदस्य रह चुकी हैं। उन्होंने मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वह हाल ही में डेमोक्रेट से रिपब्लिकन सदस्य बनी हैं।

# पर्वतारोही अकेले नहीं कर पाएंगे माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई



**काठमांडू।** अब माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोही अकेले चढ़ाई नहीं कर पाएंगे। नेपाल ने पर्वतारोहण नियम में छठवां संशोधन किया है। इसके तहत माउंट एवरेस्ट सहित आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचे सभी पहाड़ों पर अकेले चढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नए नियम के मुताबिक पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या पर्वतारोहण गाइड होना जरूरी होगा।

नेपाल ने अधिसूचना में कहा कि आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वत शिखर पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या गाइड अवश्य होना चाहिए। जबकि अन्य पर्वतों पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल को अपने साथ कम से कम एक गाइड होगा अनिवार्य होगा। नया नियम लागू होने के बाद चोटियों पर अकेले चढ़ने पर लगाम लगेगी।

सरकार का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को उसके अनुभव की परवाह किए बिना अकेले पहाड़ पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह नियम अब अल्पाइन और अभियान शैली के पर्वतारोहियों पर भी लागू होगा। सरकार ने वसंत ऋतु में दक्षिण मार्ग से माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने का प्रयास करने वाले विदेशी पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी शुल्क को बढ़ाकर 15000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति कर दिया है। मार्च से मई के बीच हिमालयी राष्ट्र में पर्वतारोहियों की बड़ी आमद होती है। पहले इसकी फीस 11,000 अमेरिकी डॉलर हुआ करती थी। वहीं सितंबर से नवंबर तक चलने वाले शरद ऋतु के लिए पर्वतारोहण रॉयल्टी को भी 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। इसके अलावा दिसंबर से फरवरी तक चलने वाले शीतकालीन अभियान और जून से अगस्त तक चलने वाले मानसून अभियान की फीस भी मौजूदा 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 3,750 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है। सरकार ने आठ हजार पर्वतारोहियों के शुल्क में भी संशोधन किया है। अमेरिकी डॉलर से लगभग दो गुना बढ़कर 3000 अमेरिकी डॉलर बताया गया है।

# गाजा पर नियंत्रण की बात के विरोध में सऊदी अरब



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पर नियंत्रण करने के सुझाव के बाद अरब देशों से प्रतिक्रिया आने लगी है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य के लिए उसका रुख नहीं बदलेगा। हम अपने फैसले पर दृढ़ और अटल रहेंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा था गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि सऊदी अरब पूर्वी येरूशलम को राजधानी बनाकर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य की स्थापना की दिशा में चल रहे कामों को नहीं रोकेगा। साथ ही अपना काम पूरा किए बिना इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए जाएंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पहले ही फलस्तीनियों के अधिकारों के उल्लंघन को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। चाहे वह इस्राइल की ओर से किए गए हमले रहे हों, फलस्तीनियों की जमीन पर कब्जे के मामले रहे हों या उनको विस्थापित करने की बात रही हो, हम हमेशा इसके खिलाफ खड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आज फलस्तीनियों की गंभीर मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहिए। फलस्तीनी अपनी जमीन के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे पीछे नहीं हटेंगे। हमारा अलग फलस्तीनी राज्य को लेकर रुख किसी बातचीत के अधीन नहीं है। हालांकि सऊदी अरब सुरक्षा समझौते और अन्य शर्तों के बदले इस्राइल को राजनयिक मान्यता देने को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है।

## फांसी पर लटका मिला पुजारी का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना अकराबाद क्षेत्र के ग्राम जसरथपुर में एक प्राचीन मंदिर के पुजारी का शव पथवारी मंदिर के अन्दर फांसी के फंदे पर लटाक मिलने से गांव हडकंप में मच गया। पुजारी हरिगिरी का के शव की जानकारी सोमवार को उस समय हुई की जब सुबह लोग मंदिर में पूजा करने गये थे। पुलिस के अनुसार पुजारी हरिगिरी का शव मंदिर के अन्दर फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुजारी के शव को अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है।

# तस्लीमा नसरीन की किताब बेचने पर बुक स्टॉल पर हमला



**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अक्सर गलत कारणों से चर्चा में बना हुआ है। बांग्लादेश में कट्टरपंथ इस कदर अपने पैर जमा रहा है कि अब वहां ये स्थिति हो गई है कि एक किताब विक्रेता ने अपने स्टॉल पर बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की किताब बिक्री के लिए रखी तो लोगों की भीड़ ने उस बुक स्टॉल पर ही हमला कर दिया।

इस घटना पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी नाराजगी जाहिर की है और घटना की जांच के आदेश दे दिए। बांग्लादेश में राजधानी ढाका में एक किताब मेला चल रहा है। इसी किताब मेले में सब्यसाची प्रोकाशनी प्रकाशन की स्टॉल लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्टॉल पर बांग्लादेश की विवादित लेखिका तस्लीमा नसरीन की एक किताब भी बिक्री के लिए प्रदर्शित की गई थी।

इससे नाराजगी जताते हुए लोगों की एक भीड़ सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल पर पहुंच गई और स्टॉल को घेर लिया। लोगों ने तौहिदी जनता समूह के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को प्रकाशन के प्रमुख को पुलिस कंट्रोल रूम ले जाना पड़ाए लेकिन गुस्साए लोग पुलिस कंट्रोल रूम भी पहुंच गए। किसी तरह पुलिस ने भीड़ को समझाया और मामले को शांत कराया। फिलहाल किताब मेले से सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल को बंद कर दिया गया है।

तस्लीमा नसरीन ने भी घटना पर नाराजगी जताई। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भी घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी लोग इस घटना में दोषी होंगेए उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बांग्ला एकेडमी ने एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो प्रकाशन पर हमले की जांच करेगी और समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# जनपद में सकुशल सम्पन्न होगी महाशिवरात्रि कावड़ यात्रा : डीएम

▶▶ कावड़ यात्रा मार्गो पर होगी पुलिस की कड़ी नजरः एसपी ▶▶ आगामी 16 फरवरी को कावड़ यात्रा के दृष्टिगत किया जाएगा रूट डायवर्जन ▶▶ बिजनौर से कोई भी भारी वाहन नहीं होगा पास





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि/कावड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत बरकातपुर शुगर मिल स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ की जानी वाली यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित दोनों राज्यों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रा को सुव्यवस्थित और निर्बाध रूप से संपन्न करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं तथा रूट डायवर्जन, बैरियर तथा अन्य आवश्यक सूचनाओं को उस पर अपलोड करें ताकि सभी अधिकारी एक दूसरे से संपर्क में रह सकें और जरूरत पड़ने पर एक दूसरे के साथ संपर्क एवं समन्वय बनाए रखें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए यदि उनके पास कोई सुझाव हों तो प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया तथा अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष रूप से सतत निगरानी रखी जाए और शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी कृत्य पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बिजनौर से लेकर सीमावर्ती क्षेत्र में पाए जाने वाले ऐसे अपराधी जो उत्तराखंड में प्रवेश करते रहते हैं उन पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि वह कोई भी अपराधी के कार्य न कर सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों को संज्ञानित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कावड़ यात्रा को सकुशल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए पूर्व में ही सभी तैयारियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सडक मार्गो की समुचित मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था पेयजल और मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता के साथ ही एम्बुलेंस एवं चिकित्सकों की टीमों को मुख्य थानों एवं स्थानों पर तैनात किया गया है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैठक की कार्यवाही से अपने-अपने जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को संज्ञानित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि आगामी 16 फरवरी को कावड़ यात्रा के दृष्टिगत रूट डायवर्जन किया जाएगा और बिजनौर से कोई भी भारी वाहन पास नही होगा। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से मुरादाबाद अथवा मुरादाबाद से हरिद्वार जाने वाले कोई भी भारी वाहन बिजनौर में प्रवेश नहीं करेगा उसके लिए वाया हापुड़-मेरठ-मुजफ्फरनगर वाया जाना होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा से गुजरने वाले सभी बैरियरों एवं मुख्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जाए और उनकी सतत निगरानी भी रखी जाए। गोष्ठी का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामार्ज, उप जिलाधिकारी बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना सहित कोटद्वार, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मुरादाबाद जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### जनपद बिजनौर डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा सहित कई पडोसी जनपद के अधिकारी रहे शामिल

इस अवसर पर जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामार्ज, उप जिलाधिकारी बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना सहित कोटद्वार, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मुरादाबाद जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### बरकातपुर मिल में हुई समीक्षा बैठक आयोजित

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि/कावड यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत बरकातपुर शुगर मिल स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी का आयोजन हुआ।

## महाकुम्भः अनुराग शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी सचिन शर्मा के संग 44 किलो मीटर पैदल चल, लगाई संगम त्रिवेणी घाट प्रयागराज में डुबकी

▶▶ संगम त्रिवेणी घाट प्रयागराज व्यवस्थाओं पर योगी सरकार की सचिन-अनुराग ने की खुले मन से प्रशंसा





अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** महाकुंभ में स्नान करने के लिए भारी संख्या में लोग प्रयागराज संगम त्रिवेणी घाट पर पहुंचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं जिसके चलते जनपद बिजनौर के कस्बा नहटौर मौहल्ला जोशियान निवासी श्रीमती निर्मला शर्मा व पंडित प्रमोद शर्मा जी के सुपुत्र अनुराग शर्मा अपनी धर्मपत्नी सचिन शर्मा के साथ प्रयागराज के संगम त्रिवेणी घाट पर संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। अपनी यात्रा पर चर्चा करते हुए अनुराग शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सचिन शर्मा ने बताया कि एक साइड 22 किलोमीटर यानी 44 किलोमीटर पैदल यात्रा कर प्रयागराज के संगम त्रिवेणी घाट पर एक साथ डुबकी लगाई। अनुराग शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सचिन शर्मा ने महाकुंभ प्रयागराज में व्यवस्थाओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही योगी जी की खुले मन से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में संगम त्रिवेणी घाट पर भारी संख्या में भक्त जनों के पहुंचने के बावजूद भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा गया है । भारी संख्या में भोजन की व्यवस्था के लिए भंडारों का आयोजन साधु संतों द्वारा किया गया है।

## संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती पर धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा

नगर में अनेक स्थानों पर समाजसेवियों ने किया शोभायात्रा का स्वागत



अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** नगर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रविदास जी कमेटी स्योहारा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वी जयंती का उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी धर्मों के लोगों ने इसमे बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। जिसमें धामपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक के पूर्व सांसद ग्रीशचन्द्र, विधायक सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता प्रियंका राणा, ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान, समाजसेवी डॉ मनोज कुमार वर्मा, चौ.फहीम उर रहमान, डाक्टर एच.एस. कालरा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भटनागर पूर्व सभासद शैंकी रस्तौगी, परिंदा वेलफेयर समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष फराह परवीन, समाज सेवी नईम अहमद,राजपाल प्रजापति कांग्रेसी नेता उमेर जावेद, राजवीर त्यागी आदि रहे। शोभायात्रा दोपहर लगभग 3 बजे चामुंडा देवी धर्मशाला से प्रारंभ हुई। जो मुरादाबाद रोड, उस्मान अली खां मिल चौराहा, आर एसपी रोड, सोमवार का बाजार, बड़ा बाजार, जुमरात का बाजार होता हुआ चामुंडा देवी धर्मशाला पर ही संपन्न हुआ। जुलूस अखाड़े में युवा तथा प्रौढ़ श्रद्धालुओं ने अपने मनमहोक व हैरतअंगेज करतब दिखाये। जुलूस में अन्य झांकियों के साथ दर्शकों को आकर्षित करती संत शिरोमणि रविदास जी तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की झांकियां भी मौजूद थी।

### जुलूस का जगह-जगह अनेक समाज सेवियों ने दिल खोलकर स्वागत किया

शोभायात्रा में कमेटी की ओर से शिरोमणि संत रविदास कमेटी की अध्यक्ष मास्टर विजयपाल सिंह, महिपाल सिंह, परशुराम सिंह एडवोकेट, डॉक्टर वीर सिंह, विकास उर्फ मोनू, अविनाश कुमार ,योगेंद्र सिंह, नरेश कुमार विनय कुमार, मानु, विशंभर सिंह, सतीश कुमार, राजेश कुमार, मनीष कुमार,आदि सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शोभा यात्रा को सकुशल सम्पन कराने और उसकी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुजीत कुमार, उपनिरीक्षक राकेश कुमार आदि मय फोर्स के साथ पूरे समय लगे रहे। अंत में संत शिरोमणि रविदास कमेटी के अध्यक्ष मास्टर विजयपाल सिंह ने शोभायात्रा को सफल बनाने सकुशल संपन्न करने के लिए सभी नगर वासियों, पुलिस अधिकारियों तथा कमेटी के सदस्यो का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## संसार में कहीं भी भारत देश के जैसा भेदभाव नहीं हैः पूर्व सांसद डॉ यशवंत सिंह



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** रविदास धर्मशाला ग्राम महारायपुर शेख उर्फ दिनोडी में संत शिरोमणी गुरु रविदास जी का जन्मदिन समारोह आयोजित हुआ। डा. तारा सिह की अध्यक्षता एवं राकेश मोहन भारती के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रवचालित एंव पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना व पंचशील के साथ किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ यशवंत ने कहा कि हमारे समाज ने मंदिर एवं धर्मशालाएं अपने आर्थिक सहयोग से निर्माण किये है हम लोग यहां के मूल निवासी है हमारे रहने के स्थान गांव के बाहर कर दिए गए। हमारे विकास के रास्ते अवरुद्ध किये गये यहां तक की हमें पड़ने भी नहीं दिया गया। यदि यहां अंग्रेजों का आगमन नही होता तो हमारे पढ़ाई के रास्ते भी नहीं खुलते। संसार में कहीं भी भारत देश के जैसा भेदभाव नहीं है। इस अवसर पर इंजिनियर महेन्द्र सिंह, राजाराम गौतम, कलीराम, कैलाशचंद, कमल सिंह, राजपाल सिंह राजो देवी आदि मौजूद रहे।

## डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने जनपद बिजनौर में रविदास जयंती पर निकलने वाली शोभायात्राओं का लिया जायजा





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा लाला, तहसील नजीबाबाद में आदर्श नगर तथा कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत रविदास जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत निकाली जा रही शोभायात्रा/जुलूस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने जुलूस के आयोजकों से वार्ता कर निर्धारित मार्गो पर ही यात्रा निकालने और कानून एवं शांति व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शोभा यात्रा/ जुलूस शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए सजग तथा सतर्क रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वाह करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिजनौर अवनीश कुमार, उपाधीक्षक पुलिस संग्राम सिंह, उप जिलाधिकारी एवं उपाधीक्षक पुलिस नजीबाबाद तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट ने अपना दल एस की जिला कार्यकारिणी की घोषित



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चैधरी एड. ने राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन के बाद जिला कमेटी की घोषणा कर दी है।

उन्होने बताया कि पूर्व कमेटी को पूर्ण रूप से भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया जिनमें यतेन्द्र कुमार को बिजनौर विधान सभा अध्यक्ष, पंकज कुमार चेयरमैन को नहटौर, संजीव राठी नजीबाबाद, रमेश सिंह नगीना, सद्दाम मलिक धामपुर, गौरव चैधरी नूरपुर, नरेन्द्र कुमार चैहान चांदपुर, नरेश चौहान ब?पुर विधान सभा अध्यक्ष बनाए गये। इनके अलावा आतिफ एंव शरद शर्मा को जिला मीडिया सचिव, वकील अहमद जिला कोषाध्यक्ष बनाए गये। जबकि अमित गुर्जर, मोबीन अहमद, हेमंत चैधरी, लाभ सिंह, अतुल कुमार चैधरी, जर्नादन सिंह, यशपाल सिंह, राम गोपाल, विनोद कुमार, मौ. आरिफ, सर्वेश राठौर को जिला कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चैधरी ने बताया कि पूर्व की कमेटी पूरी तरह अमान्य घोषित कर दी गई है। उन्होने नव नियुक्त पदाधिकारियों एंव सदस्यो का स्वागत करते हुए उनसे अपना दल एस की नीतियों का प्रचार प्रसार करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने का आहवान किया।

## एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को सहयोग करे जनताः विधायक हाजी तसलीम अहमद



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए जननायक पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र 17 नजीबाबाद के सेक्टर 7 के ग्राम सबलपुर बीतरा में पूर्व ग्राम प्रधान एवं नव मनोनीत जिला सचिव शाहबुद्दीन एवं जिला पंचायत सदस्य मो. यूनुस द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव बनने पर पूर्व प्रधान शहाबुद्दीन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि पूरे प्रदेश में अखिलेश यादव सर्व समाज को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए भाजपा की नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम सभी को नफरत की राजनीति से हटकर एकजुट होकर निरंकुश सरकार के जुल्मों के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी पड़ेगी तभी प्रदेश में लोकतंत्र और खुशहाली बहाल हो पाएगी। इस मौके अहमद अंसारी प्रधान कामराजपुर, हाफिज मुंतकिफ, हाफिज निसार, शमीम अहमद, पूर्व प्रधान मो उमर, आफाक प्रधान, इंतेजार मंसूरी प्रधान, रोहित प्रधान चंदोक, सोनू चौधरी, पूर्व प्रधान इरफान कस्सार, पूर्व प्रधान अनीस अंसारी, पूर्व एमएलसी प्रतिनिधि मो, इरफान, विधानसभा अध्यक्ष नईम मकरानी, जिला उपाध्यक्ष जाहिद अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा शादाब हैदर, विशेष आमंत्रित सदस्य अनवर खां मंसूब आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भागीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मदनलाल सैनी ने किया संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ

▶▶ सभी को बराबर सम्मान देने वाले महान संत थे रविदास जीः एडवोकेट मदनलाल सैनी ▶▶ रविदास जयंती के अवसर पर निकल गई नगर में भव्य शोभायात्रा





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** परम संत शिरोमणि रविदास जयंती के शुभ अवसर पर बिजनौर के मोहल्ला जाटान एवं मोहल्ला रेती मेरठ की चुंगी बिजनौर में एडवोकेट मदनलाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष भागीरथ सेना एवं विशेष आमंत्रित सदस्य सपा उत्तर प्रदेश द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया ।

इस मौके पर एड पंकज विश्नोई एड. आदेश दाहिमा एड बीके कश्यप अंकुर प्रताप सैनी को बाबूराम व यादराम व धनी जी द्वारा पगड़ी बांधकर सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया मदन लाल सैनी एड द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी के बारे में बताया कि वह सभी को समान मानते हुए समाज सुधारक एवं महान संत से थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के ग्राम सीर गोवर्धनपुर में हुआ था उन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई और अपने जीवनकाल में कई धर्म ग्रंथो का भी अध्ययन किया था शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां एवं बैंड मन मोह रहे थे । इस मौके पर राजवीर सिंह बलवीर सिंह आसाराम भारती फूल सिंह बाबूराम कैलाश चंद राजेश किशन चंद महेंद्र अवतार सिंह कपिल सत्येंद्र सिंह प्रभात चमन सिंह मुकेश कुमार राजू सिंह सतपाल सिंह पप्पू बिल्लू जयवीर कृपाल सिंह सुभाष आदि लोग उपस्थित रहे।

### मदन लाल सैनी का समाज की ओर से पगड़ी पहनकर किया गया भव्य स्वागत

## 'दीदी तेरा देवर दीवाना' में सलमान खान नहीं, इस शख्स ने

# माधुरी दीक्षित

## को मारी थी गुलेल, फिर हुआ ऐसा हाल



सलमान खान ने अपने 37 साल के करियर में सिर्फ 2 बार लड़की का गेट अप लिया है. पहली बार फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में चंद मिनटों के लिए सलमान लड़की बने थे और इस सीन के लिए उन्होंने न सिर्फ लड़की का मेकअप किया था, बल्कि सलमान खान ने इस सीन के लिए एक नाइटी भी पहनी थी. हाल ही में 'इंडियन आइडल' में बतौर मेहमान शामिल हुए सूरज बड़जात्या ने बताया कि इस सीन के लिए माधुरी दीक्षित ने खुद सलमान खान को लड़कियों का मेकअप किया था.

सूरज बड़जात्या ने कहा, दीदी तेरा देवर दीवाना की 16 दिन रिहर्सल हुई थी. ये बहुत लंबा गाना था. 9 दिन तक इस गाने की शूटिंग चली थी. मैं इस गाने से जुड़ा एक किस्सा सुनाना चाहूंगा. बहुत लंबा शूट चल रहा था, सब साथ थे, मस्ती भरा गाना था और सब मूड में आ रहे थे. जिस इंसान ने माधुरी दीक्षित को गुलेल मारा था, वो असिस्टेंट कोरियोग्राफर था और उसने 4 घंटे तक अपने हाथ ही नहीं धोए थे. लेकिन सवाल था कि अब गाना खत्म कैसे करें, सीन ये था कि लड़के सब डांस करने के बाद अंदर आ जाते हैं. मैंने सलमान भाई से कहा कि हमें एंडिंग में जीत दिखानी तो है, लेकिन वहां बेशर्मी नहीं, बेबाकपन दिखाना होगा.

**माधुरी दीक्षित ने किया था मेकअप**



आगे सूरज बड़जात्या ने कहा कि तब मैंने सलमान भाई से पूछा कि क्या आप नाइटी पहनोगे? तब उन्होंने कहा कि मुझे नाइटी पहनने में कोई ऐतराज नहीं है. मैं तो पहन लूंगा. इस गाने में सलमान खान का मेकअप है, वो खुद माधुरी दीक्षित ने किया था.

**हिट हुई थी 'हम आपके है कौन**

'मैंने प्यार किया' की तरह ही सलमान खान और सूरज बड़जात्या की 'हम आपके हैं कौन' भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी. इस फिल्म में सलमान खान और माधुरी दीक्षित के साथ-साथ मोहनीश बहल और रेणुका शहाणे अहम भूमिका निभाते हुए नजर आए थे. 'हम आपके हैं कौन' के 17 साल बाद 2006 में रिलीज हुई फ्लॉप फिल्म जानेमन में दबंग खान ने एक महिला का किरदार निभाया था. दरअसल राजश्री फिल्म के सूरज बड़जात्या ने ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक अपना डेब्यू किया है. इस बार उन्होंने सोनी लिव के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक वेब सीरीज बनाई है. 'बड़ा नाम करेंगे' नाम की इस सीरीज में सूरज बड़जात्या ने नए एक्टर्स को कास्ट किया है.

## एक दिग्गज क्रिकेटर तो दूसरे ने की 150 फिल्में, Saif Ali Khan से पहले इन दो स्टार्स को अमृता सिंह ने किया था डेट



एक्ट्रेस अमृता सिंह का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है. एक समय वे 80ह्र के दशक की लीड फिल्मों का हिस्सा रहती थीं. लेकिन एक समय ऐसा भी आया जब एक्ट्रेस की फिल्में चलनी बंद हो गईं. वहीं अपनी पर्सनल लाइफ में भी उन्हें काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा. उन्होंने बॉलीवुड के नवाब सैफ अली खान से शादी की जो उस समय सबसे ज्यादा चर्चा में थी. वजह थी कि शादी के वक्त सैफ, अमृता से 13 साल छोटे थे. लेकिन एक्ट्रेस अमृता सिंह के जीवन में सिर्फ सैफ ही नहीं आए, उनके जीवन में सैफ से पहले 2 बड़ी पर्सनालिटीज की एंट्री हो चुकी थी. एक्ट्रेस के जन्मदिन पर आइये जानते हैं कि 3 दशक से ज्यादा लंबे करियर में एक्ट्रेस किन-किन रिलेशनशिप्स में रहीं.

**सैफ के साथ शादी और डिवोर्स**

सैफ और अमृता के बीच में 13 साल का फासला था और 13 साल तक ही दोनों की शादी टिक सकी. साल 1991 में सैफ अली खान ने अमृता सिंह से शादी की थी. इस शादी से ही उन्हें सारा अली खान और इब्राहिम अली खान नाम के दो बच्चे हैं जो आज चर्चा में रहते हैं. सारा ने अपना डेब्यू कर लिया है और इब्राहिम भी अब अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं. सैफ और अमृता ने साल 2004 में अलग होने का फैसला लिया. सैफ ने अमृता पर आरोप लगाए थे और ये भी बताया था कि वे क्यों इस शादी को तोड़ रहे हैं. इसके बाद सैफ ने बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर से शादी कर ली थी. इस शादी से भी उन्हें 2 बच्चे हैं.

**क्रिकेटर रवि शास्त्री संग टूटी सगाई**

बहुत कम लोग ये बात जानते होंगे कि सैफ अली खान से शादी से पहले अमृता सिंह कुछ और रिलेशनशिप्स का भी हिस्सा रही हैं. एक दफा उनकी नजदीकी भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रवि शास्त्री संग भी दिखाई दी थीं. दोनों की सगाई हो चुकी थी और दोनों शादी करने की ओर बढ़ रहे थे. लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो रवि शास्त्री की एक शर्त ने सब गड़बड़ कर दिया था. दरअसल रवि चाहते थे कि शादी के बाद अमृता फिल्में छोड़ दें. जबकी अमृता को ये मंजूर नहीं था.

## म्यूजिक डायरेक्टर प्रीतम के स्टूडियो में चोरी, ऑफिस बॉय ही 40 लाख रुपये लेकर हुआ फरार



बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर प्रीतम के ऑफिस में चोरी का मामला सामने आया है. पुलिस इस मामले में प्रीतम के ही स्टूडियो में काम करने वाले एक शख्स की खोज कर रही है. शख्स पर आरोप है कि वो प्रीतम के ऑफिस से 40 लाख रुपये से भरा कंटेनर लेकर फरार हो गया है. दरअसल प्रीतम के स्टूडियो में ही उनका ऑफिस भी है. यहीं पर वे अपना सारा काम काज देखते हैं. इसी जगह से उन्हीं के यहां के एक कर्मचारी ने चोरी की इस हरकत को अंजाम दिया है और वो फरार है. पुलिस फिलहाल चोरी कर के भागने वाले ऑफिस बॉय की तलाश कर



रही है.

**कौन है चोरी करने वाला शख्स ?**

सूत्रक की मानें तो गोरेगांव-मलाड लिंक रोड में स्थित रुस्तमजी ओजोन बिल्डिंग में स्थित युनिमस रिकॉर्ड प्राइवेट लिमिटेड में चोरी का मामला सामने आया है. ये चोरी 4 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे के करीब हुई है. एक शख्स दोपहर को स्टूडियो में दाखिल होता है और प्रोड्यूसर मधु मनटेना के नाम पर काम के सिलसिले का हवाला देकर 40 लाख रुपये से भरा बैग लेकर नौ दो ग्यारह हो जाता है. इस शक्स का नाम आशीश सायाल बताया जा रहा है जिसपर भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 के तहत चोरी का मुकदमा दायर किया गया है.दरअसल ये चोरी जहां हुई है वो प्रीतम का स्टूडियो है. इसी स्टूडियो में उनका ऑफिस स्थित है. और इसी बिल्डिंग में उनका घर भी है. जब ये हादसा हुआ उस दौरान प्रीतम अपने घर पर थे. स्टूडियो में 40 लाख रुपये एक बैग में रखा था. ये बैग मैनेजर विनीत छेड़ा ने रखा था. उस दौरान उस स्थान पर अहमद खान कमल दिशा और आशीश सायाल नाम के 3 शख्स मौजूद थे. इन्ही में से एक आशीश सायाल इस मामले में शक के दायरे में है फरार है.

**फेमस म्यूजिक डायरेक्टर हैं प्रीतम**

प्रीतम की बात करें तो वे बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बड़े संगीतकार हैं और कई सुपरहिट गानों की धुन उन्होंने बनाई है. वे धूम, भागमभाग, गैंगस्टर, लाइफ इन अ मैट्रो, ढोल, जब वी मेट, रेस, जन्नत, मौसम, ऐ दिल है मुश्किल, बजरंगी भाईजान, छिछोरे और दंगल जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं. उन्हें अपने शानदार काम के लिए फिल्मफेयर और नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.



## कहां है आलिया भट्ट

## की वो रिलेटिव जिसने जॉन अब्राहम संग किया था डेब्यू, इमरान हाशिमी संग पर्दे पर हुईं इंटीमेट

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई सारी एक्ट्रेस ऐसी हैं जिनकी फिल्म करने की अवधि भले ही कम रही हो लेकिन वे दर्शकों के दिल में छाप छोड़ जाने में कामियाब रही हैं. ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं उदिता गोस्वामी. 2000 की शुरुआत में उदिता के करियर का भी उदय हो गया था. उनकी पहली फिल्म थी पाप. इस फिल्म में उनके अपोजिट एक्टर जॉन अब्राहिम नजर आए थे. इस फिल्म में दोनों के इंटीमेट सीन्स थे. पाप के बाद से ही उदिता को इंडस्ट्री में एक्सपोजर वाले रोल्स असाइन होने लग गए.



उदिता का जन्म उत्तराखंड के देहरादून में हुआ था. एक्ट्रेस ने अपनी पढ़ाई भी देहरादून से ही की. उनके पिता बनारस के रहने वाले थे लेकिन उनकी दादी नेपाल से थीं. एक्ट्रेस ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली में मॉडलिंग शुरू की और एक समय ऐसा आया जब वे मॉडलिंग की दुनिया का जाना-माना नाम बन गई. एक्ट्रेस ने कई सारे कॉमर्शियल्स में काम किया. इसके बाद उन्हें करियर की पहली फिल्म पाप मिली. इसमें वे जॉन अब्राहम के अपोजिट नजर आई थीं. फिल्म के गाने आज भी काफी पॉपुलर हैं.

इसके बाद उदिता ने कुछ और फिल्मों में भी इंटीमेट सीन्स दिए. इसमें इमरान हाशमी संग उनकी फिल्म जहर भी शामिल है. उन्होंने अक्सर, अपार्टमेंट और मेरे दोस्त पिक्चर अभी बाकी है जैसी फिल्मों में भी काम किया. लेकिन इसके बाद से उनका कोई भी प्रोजेक्ट नहीं आया है. उनकी आखिरी फिल्म डेयरी ऑफ द बटरफ्लाई थी. इस फिल्म के बाद से उदिता की कोई भी फिल्म नहीं आई. इस बात को 13 साल हो चुके हैं और उदिता ने पूरी तरह से ग्लैमर वर्ल्ड को विदा कह दिया है.

**डायरेक्टर से की शादी और बनीं भट्ट फैमिली का हिस्सा**

एक्ट्रेस उदिता की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने फिल्म डायरेक्टर मोहित सूरी से शादी की. उनकी शादी से उन्हें 2 बच्चे भी हैं. मोहित सूरी का रिश्ता भट्ट फैमिली से रहा है. मुकेश भट्ट, मोहित के मेटरनल अंकल (मामा) हैं.